
राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



पिंक बॉडीकॉन ड्रेस में डोनल...8





दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 22 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 09 अंकः 332 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# श्रद्धा वालकर हत्याकांड मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए

## पुलिस कस्टडी में हो सकती है सबूतों के साथ छेड़छाड़? एचसी में दायर की गयी याचिका

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस श्रद्धा वालकर हत्याकांड में अपनी जांच लगातार कर रही हैं। पुलिस ने कोर्ट से अपराधी का नार्को टेस्ट करवाने की भी इजाजत ले ली हैं। 22 नवंबर को अरोपी अफताब का नार्को टेस्ट किया जाएगा। श्रद्धा वालकर की हत्या को आफताब ने बहुत ही बारीकी से अंजाम दिया हैं। उसने श्रद्धा वालकर के शरीर के 35 टुकड़े किए और उन्हें महरौली के जंगल में अलग–अलग जगहों पर फैंका हैं। हत्या मई में की गयी थी लेकिन आरोपी का पता नवंबर में चला। ऐसे में अरोपी के खिलाफ सबूत इकठ्ठा नहीं हो पाये हैं। पुलिस को शक है कि अफताब पुलिस को पूरा सच नहीं बता रहा हैं। वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा हैं। उसके कई चीजों के जवाब काफी अजीब हैं। ऐसे में सबूतों के अभाव के कारण आफताब दोषी होने के बाद भी छूट सकता हैं। इस लिए श्रद्धा वालकर हत्याकांड को सीबीआई को सौंपने की मांग की जा रही हैं। श्रद्धा वालकर हत्याकांड की जांच करें सीबीआईः दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर एक जनहित याचिका में श्रद्धा वालकर हत्याकांड की जांच दिल्ली पुलिस से केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि वारदात से जुड़े स्थानों पर मीडिया और जनता की मौजूदगी सबूतों से छेड़छाड़ के बराबर है।'' याचिका को बुधवार के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है। इसमें आरोप लगाया गया कि दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच से जुड़ी हर एक जानकारी मीडिया और जनता के समक्ष रख दी है, जिसकी कानून अनुमति



नहीं देता। याचिका में दावा किया गया कि दिल्ली पुलिस ने वारदात से जुड़े स्थलों को अभी तक 'सील' नहीं किया है, जहां लगातार लोग और मीडिया कर्मी जा रहे हैं। गौरतलब है कि श्रद्धा वालकर की उसके लिव–इन–पार्टनर ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी और फिर उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए थे।

सबूतों के आभाव से बच सकता हैं हत्यारा आफताब? : इसके बाद वह कई दिनों तक शहर के विभिन्न इलाकों में आधी रात को ये टुकड़े फेंकने जाता था। जोशीनी तुली की ओर से दायर याचिका में कहा गया, ''हत्या की इस वारदात को कथित तौर पर दिल्ली में अंजाम दिया गया और फिर शव के टुकड़े विभिन्न स्थानों पर फेंके गए। इसलिए करीब छह महीने पहले मई 2022 में हुई इस घटना की जांच प्रशासनिकध्कर्मचारियों की कमी के साथ–साथ साक्ष्यों और गवाहों का पता लगाने के लिए पर्याप्त तकनीकी व वैज्ञानिक उपकरणों की कमी के कारण महरौली थाने द्वारा कुशलतापूर्वक नहीं की जा सकती।''

संवेदनशील सबूतों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है?: अधिवक्ता जोगिंदर तुली की ओर से दायर याचिका में दावा किया गया कि मामले से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दिल्ली पुलिस ने मीडिया के जरिए सार्वजनिक कर दी है, जिससे संवेदनशील सबूतों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। याचिका में आरोप लगाया गया, ''वारदात से जुड़े स्थलों, अदालती सुनवाई आदि स्थानों पर मीडिया व अन्य लोगों की मौजूदगी, वर्तमान मामले में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ के बराबर है।'' निचली अदालत ने 17 नवंबर को आरोपी से पूछताछ के लिए पुलिस को उसकी पांच दिन की हिरासत सौंप दी थी, जबकि एक अन्य न्यायाधीश ने नार्को विश्लेषण परीक्षण कराने की अनुमति दे दी थी।

### गुजरात के सुरेंद्रनगर में बोले पीएम मोदी

## मैं कड़ी मेहनत करता हूं और काम करके दिखाता हूं

सुरेंद्रनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुरेंद्रनगर में सार्वजनिक बैठक शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अभिभाषण भी दिया। मैंने कहा कि नर्मदा योजना का सबसे बड़ा लाभ किसी भी जिले को मिलेगा, सुरेंद्रनगर जिले को मिलेगा और आज वह लाभ आप तक पहुंच गया है। पीएम मोदी नो कहा कि मैं जानता हूं कि गुजरात में घर–घर 24 घंटे बिजली पहुंचाना एक कठिन काम है, लेकिन मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। मैं कड़ी मेहनत करता हूं और काम करके



दिखाता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा सुरेंद्रनगर जिला नमक बनाने में एक है। भारत के 80: नमक का उत्पादन गुजरात में होता है। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। पहले के जमाने में गुजरात में उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्य जाना पड़ता था, आज दूसरे राज्यों के युवा गुजरात की धरती पर पढ़ने आते हैं। मैं वार महोत्सव में अपमान को निगलता हूं क्योंकि मैं इस देश के 130 करोड़ लोगों का भला करना चाहता हूं, मैं इस भारत को एक विकसित भारत बनाना चाहता हूं।

## राहुल गांधी ने फोन कर पूछा संजय राउत का हाल, शिवसेना नेता ने इस व्यवहार की प्रशंसा की

मुंबई । शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फोन कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। इसके साथ ही राउत ने कहा कि ''राजनीतिक कटुता'' के समय में इस तरह का व्यवहार कम ही



देखने को मिलता है। राउत ने कहा कि गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' को बड़े पैमाने पर लोगों का समर्थन मिल रहा है क्योंकि वह ''प्रेम और करुणा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'' राज्यसभा सदस्य राउत ने ऐसे समय में राहुल गांधी की प्रशंसा की है, जब वह (राहुल) वी. डी. सावरकर पर की गई अपनी टिप्पणी को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल ने 'भारत जोड़ो' यात्रा के दौरान महाराष्ट्र में पिछले दिनों दावा किया था कि सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी और भय के चलते उन्होंने माफीनामा लिखा था। राउत ने सोमवार को ट्वीट किया, ''कुछ मुद्दों पर भारी मतभेद होते हुए भी अपने राजनीतिक सहयोगी से उनका हाल–चाल पूछना इंसानियत की निशानी है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के अपने व्यस्त कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी जी ने कल मेरे स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ करने के लिए फोन किया था।'' हाल में धन शोधन मामले में जमानत पाने वाले राउत ने कहा, ''110 दिन जेल में बिताने वाले एक राजनीतिक सहयोगी के दर्द को महसूस करने की उनकी सहानुभूति की, मैं सराहना करता हूं। राजनीतिक कटुता के दौर में ऐसा व्यवहार कम ही देखने को मिलता है।

## केजरीवाल की सरकार, केजरीवाल के पार्षद, एमसीडी चुनाव के लिए आप ने लॉन्च किया कैंपेन

नई दिल्ली। दिल्ली के एमसीडी चुनाव से पहले आम आदमी




पार्टी ने अपना कैंपेन लॉन्च कर दिया है। दिल्ली में एमसीडी अभियान की शुरूआत करते हुए केजरीवाल की सरकार, केजरीवाल का पार्षद का नारा दिया है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि गलती से किसी वार्ड में बीजेपी का पार्षद बनेगा तो एमसीडी में भी केजरीवाल सरकार के काम रोकेगा, सड़क निर्माण रोकेगा, साफ सफाई रोकेगा। बीजेपी का पार्षद लड़ने के अलावा कुछ नहीं करेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस बार दिल्ली एमसीडी मे आप जीत रही है, और एमसीडी में भी केजरीवाल जी की सरकार बन रही है। सिसोदिया ने प्रेस कॉनफ्रेंस करते हुए कहा कि लोगों से केजरीवाल जी का एक काम पूछो तो 10 काम गिनाते हैं, वहीं बीजेपी नेता खुध्द अपना एक काम नहीं गिना पाते। लोग बीजेपी नेताओं से सवाल पूछते है तो वो केजरीवाल को गाली देते हैं। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष से सवाल पूछे तो वो केजरीवाल को 4 गाली देने लगते हैं। बीजेपी के 14 दिग्गजों ने अपने–अपने रोड शो में पिछले 15 साल का एक भी काम बताने की हिम्म्मत नहीं दिखाई। बीजेपी ना पिछले 15 साल का काम गिना पाई, ना अगले 5 साल

## तीसरे चीते ने बड़े बाड़े में शिफ्ट होते ही किया शिकार, अब आएगी मादा की बारी

भोपाल। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आए चीतों को धीरे धीरे बड़े बाड़े में शिफ्ट किया जा रहा है। ये चीते इस बाड़े में आराम से रह सकें इसके लिए उन्हें धीरे धीरे बाड़ों में भेजा जा रहा है। कूनो नेशनल पार्क में अब तक तीन चीते रिलीज हो चुके है मगर पांच मादा चीतों को रिलीज करने पर विचार जारी है।

वहीं जिन चीतों को कुछ समय पूर्व ही बाड़ों में छोड़ा गया था, उन्होंने भी बड़े बाड़े में अपना शिकार किया है। उन्होंने 20 नवंबर की शाम को एक चीतल का शिकार किया है। शिकार करने के लिए चीतों ने दौड़



लगाई। इस संबंध में कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों ने भी पुष्टि की है। बता दें कि तीसरे चीते को हाल ही में यानी 18 नवंबर को ही बड़े बाड़े में शिफ्ट किया गया है। इस बाड़े में शिफ्ट होने के बाद 20 नवंबर को उसने अपना पहला शिकार किया। वहीं वो अन्य दो चीतों के साथ भी मिल–जुल गया है। तीनों चीतों के बीच आपसी तालमेल भी अच्छे से बना हुआ है।

अब मादा चीतों को छोड़ने की तैयारी

चीतों को भारत आए लंबा समय बीत चुका है। इनकी क्वारंटाइन समय सीमा भी समाप्त हो चुकी है। इसके बाद भी अब तक इन पांच मादा चीतों को बड़े बाड़ों में शिफ्ट नहीं किया गया है। अधिकारी अभी ये पता करने में जुटे हैं कि पहले किसे बड़े बाड़े में शिफ्ट किया जाए। ये तय करने के लिए कूनो के अधिकारियों ने कुछ समय पूर्व ही बैठक भी की थी।

## ओडिशा में बड़ा रेल हादसा

### कई ट्रेनों के बदले रूट, सीएम पटनायक ने किया मुआवजे का ऐलान

जाजपुर । ईस्ट कोस्ट रेलवे के अंतर्गत आने वाले जाजपुर जिले के कोरई स्टेशन पर आज तड़के एक मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। मालगाड़ी सुबह करीब 6रू44




बजे पटरी से उतर गई, जिससे रेलवे स्टेशन की इमारत को भी नुकसान पहुंचा। राहत दल और रेलवे अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा गया। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) खुर्दा रोड और अन्य शाखा अधिकारी राहत कार्य के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों रेल लाइनों को अवरुद्ध कर दिया गया है, अधिकारियों को सूचित किया। हालांकि ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और कुछ के मार्ग में परिवर्तन किया गया है. हावड़ा–भुवनेश्वर जनशताब्दी एक्सप्रेस, शालीमार–पुरी एक्सप्रेस, शालीमार–हैदराबाद एक्सप्रेस, कटक–भद्रक –कटक पैसेंजर स्पेशल, भुवनेश्वर –बालासोर पैसेंजर स्पेशल और कई अन्य ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। हैदराबाद–शालीमार ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस को जाखपुरा–जरोली–टाटा के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा, बैंगलोर–संतरागाछी एक्सप्रेस को जाखपुरा–जरोली–टाटा के जरिए डायवर्ट किया जाएगा, तिरुपति–हावड़ा एक्सप्रेस को अंगुल–संबलपुर सिटी–झारसुगुड़ा के जरिए डायवर्ट किया जाएगा, चेन्नई–संतरागाछी एक्सप्रेस को डायवर्ट किया जाएगा जाखपुरा–जरोली–टाटा के रास्ते डायवर्ट पुरी–आनंद विहार नंदन कानन एक्सप्रेस को जाखपुरा–जरोली–टाटा के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा।






## गुजरात में राहुल गांधी ने किया प्रचार का आगाज, आदिवासी, युवा, और किसानों का उठाया मुद्दा

अहमदाबाद। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज गुजरात चुनाव के लिए प्रचार किया। सूरत में आज चुनावी प्रचार की शुरुआत करते हुए राहुल गांधी ने जबरदस्त तरीके से मोदी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी, युवा, और किसानों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में आप लोगों की सोच है। आप लोगों का संस्कार है। उन्होंने कहा कि दुख किसानों से बात करके होता है, युवाओं से बात करके होता है, आदिवासियों से मिलकर होता है। किसानों को सही दाम नहीं मिलता। बीमा का पैसा नहीं मिलता। कर्जा माफ नहीं होता। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं का मुद्दा उठाते




हुए कहा कि युवा बेरोजगार हैं और उनके सपने टूटते जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इंजीनियर बनने का सपना देखने वाले युवाओं को मजदूरी का काम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों से बात करने पर पता चलता है कि उनकी जमीन छीनी जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी कहते हैं कि बिना हमसे पूछे हमें हटा दिया जाता है और अरबपति और व्यापारियों को हमारी जमीन दे दी जाती है। हमें कोई मुआवजा नहीं मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि गुजरात में भी आदिवासियों के साथ ऐसा किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों के साथ मेरा और मेरे परिवार का गहरा रिश्ता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा आपको आदिवासी नहीं कहती हैं वो आपको वनवासी कहती हैं, वो आपको ये नहीं कहते कि आप हिंदुस्तान के पहले मालिक हो बल्कि वो ये कहते हैं कि आप जंगल में रहते हो मतलब वो ये नहीं चाहते कि आप शहरों में रहो और आपके बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर आदि बने।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में तीन लाभार्थियों को वितरित किया गया तालाब का पट्टा

## 38 किसानों को वितरित किया गया बीज मिनी किट

बहराइच । जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, अपर पुलिस अधीक्षक कुवंर ज्ञानन्जय सिंह, उप जिला अधिकारी महेश कुमार कैथल, पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरता पूर्वक सुनवायी कर उसका सयमबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग—दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ—साथ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रयास भी करें। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वरासत से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम डॉ. चन्द्र द्वारा सीडीओ व अन्य के साथ ग्राम बदरौली, मूसेपुर, गोड़हिया नं. 02, चुलम्भा, खालेपुर बबुरी, ढड़ैला, कन्दैला, पवना, बुढ़ानपुर व कुण्डासर के बाढ़ प्रभावित 38 ग्रामवासियों को सरसो व मसूर बीज के मिनी किट का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्राम तवक्कलपुर के अजय यादव, कहरई के रोहित कुमार, एनिहतिन्सी की बेवा मीना देवी व हशमुद्दीन को खतौनी की नकल तथा ग्राम नत्थनपुर के बिगई, जगदीश प्रसाद, दीनानाथ पुत्रगण राम मनोरथ, बसहिया पाते के जानकी प्रसाद व फतेह बहादुर पुत्र कोरी लाल, परसोहर के आसमां पत्नी शमशुद्दीन एवं भिलौरा बासू की मनीषा पुत्र आशाराम के नाम दुरूस्त कर खतौनी की नकल का वितरण किया गया। जबकि डिहवा शेर बहादुर सिंह के शिव प्रसाद, जतौरा के उदय राज व चौगइया के जगन्नाथ को तालाब आवंटन प्रमाण—पत्र का वितरण किया गया। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 31 में 02, महसी में प्राप्त 40 में 07, पयागपुर में प्राप्त 59 में 06, कैसरगंज में प्राप्त 131 में 09 व मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 31 में 02 व नानपारा में 46 में 05 प्रार्थना—पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस. के सिंह, जिला विकास अधिकारी महेंद्र पांडे, पीडीडीआरडीए पी.एन. यादव, तहसीलदार अमर चन्द वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

# बिलाल मस्जिद के इमाम की हो जांच : राजू दास

## —बबलू खान के समर्थन मे आए हिन्दू वादी संगठन

अयोध्या। राम मंदिर समर्थक बबलू खान के समर्थन मे हिन्दूवादी संगठन भीं खड़े हो गये है। सभी ने मिर्जापुर माफी के बिलाल मस्जिद के इमाम मौलाना अल्ताफ हुसैन के खिलाफ जांच की मांग की है। साथ ही पिछले पांच सालों में मिर्जापुर माफी में बांग्लादेशी रोहगियां मुसलमानों को अल्ताफ हुसैन पर बसाने का आरोप है, कैसे बना आधार कार्ड और राशन कार्ड,जांच की मांग की है। अयोध्या हनुमानगढ़ी के संत राजू दास ने कहा कि हम कंधे से कंधा मिलाकर बबलू खान के साथ हैं। बबलू खान ने हिंदू भाईचारे की मिसाल पेशकर अयोध्या में सामंजस्य का माहौल बनाया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जो मौलाना बबलू खान को धमकी दे रहा है उसके ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। अगर जिला प्रशासन मौलाना के खिलाफ कार्यवाही नहीं करता तो हम सभी एक होकर मौलाना को शहर से निकालने का काम करेंगे। वही दूसरी और हिंदूवादी नेता संतोष दुबे ने बताया कि जो व्यक्ति मुस्लिम होकर राम मंदिर निर्माण में कार्य सेवा की हो वह कभी गलत नहीं हो सकता। मेरी केंद्र और राज्य सरकार से मांग है कि मौलाना की जांच हो। वरिष्ठ भाजपा नेता व मित्र मंच के प्रमुख शरद पाठक बाबा ने बताया कि बबलू खान वही शख्स हैं जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में हजारों मुस्लिमों को राम मंदिर के पक्ष में इकठ्ठा किया था और उनके खिलाफ एक कट्टरपंथी मौलाना द्वारा बदनाम कराए जाने का कार्य कर रहा है। मौलाना पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। बता दे कि अयोध्या कोतवाली के मिर्जापुर माफी स्थित बिलाल मस्जिद के इमाम अल्ताफ हुसैन ने कल भाजपा नेता बबलू खान के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था।भाजपा नेता बबलू खान में अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया था। उसी मामले को लेकर को तमाम हिंदू संगठन बबलू खान के पक्ष में लामबंध बंद होकर संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता की जिसमें बिलाल मस्जिद के इमाम द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया।

# आंखें है अनमोल इनका रखें विशेष ख्याल : डॉ. संजीव कुमार

बहराइच ।आंखे अनमोल है।इन्हें बचाने के लिए हमेशा सजग रहना चाहिए।हमारी आंखें दुनिया की खूबसूरत नजारे को दिखाने वाली एक विंडो की तरह होती हैं।आंखें शरीर के सबसे नाजुक अंगों में से एक हैं।इसे ईश्वर के विशिष्ट उपहार के रूप में भी जाना जाता है, जिसकी मदद से हम दुनिया की खूबसूरती का आनंद ले पाते हैं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए इसके विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसमें होने वाली छोटी से भी समस्या बड़ी मुसीबतों का कारण बन सकती है।आंखों की देखभाल करने की दिशा में पहला कदम इसके जोखिम और आने वाली समस्याओं के संकेतों से अवगत होना है। पिछले कुछ समय में जीवनशैली और आहार से संबंधित समस्याओं के कारण आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों का जोखिम बढ़ गया है। इसके शुरुआती लक्षणों की पहचान कर रोग को गंभीर रूप लेने से बचाया जा सकता है।एक साक्षात्कार के दौरान नेत्र रोग सर्जन डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि आंखों में होने वाली किसी भी तरह की समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। अगर समय रहते समस्या का निदान हो जाए तो न सिर्फ आंखों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है साथ ही लंबे समय तक रोशनी को बनाए रखना भी आसान हो जाता है।उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद से ज्यादा मरीज इस समय कार्नियल अल्सर के उनके पास आ रहे है।कॉर्नियल अल्सर अधिकतर एक जीवाणु संक्रमण के कारण होते हैं जो कॉर्निया में अक्सर फंगल अल्सर,आंख की चोट,आघात या अन्य क्षति के बाद घुसपैठ करता है।कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वाले लोग आंखों में जलन व खुजली के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं जो बढ़ कर कॉर्नियल अल्सर का रूप ले सकती है। ऐसा संभव है कि कॉन्टैक्ट लेंस आंख की सतह से रगड़ खा कर एपिथिलियम को थोड़ी क्षति पहुंचा दे जिससे जीवाणु को आंख में घुसने का मार्ग मिल जाए।उन्होंने बताया कि काम करते समय 20 मिनट के अंतराल पर 20 सेकंड्स तक 20 बार पलक को खोलना बन्द करना चाहिए जिससे आंखों में आंसू की पर्याप्त मात्रा बनी रहे।उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद रोग उम्र वाला कम हो रहा जबकि दवाओं के प्रभाव के कारण ज्यादा हो रहा है।उन्होंने स्टरॉइड दवा के सेवन से दूर रहने के लिए बताया।उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा बच्चों को आंखों में समस्यायें आ रही है जिसका मुख्य कारण मोबाइल है।डॉ. संजीव ने बताया कि जनपद में शीघ्र कार्निया ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी जिससे गम्भीर मरीजो को बाहर नही जाना पड़ेगा।उल्लेखनीय हो कि नेत्र सर्जन डॉ. संजीव कुमार के शहर स्थित बंजारी मोड़ पर शिवम नेत्रालय में बच्चों की आंखो से संबंधित सर्जरी सुविधा से लेकर अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

## विधायक ने सैदपुर में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

रुदौली—अयोध्या। नवसृजित नगर पंचायत मां कामाख्या में ग्राम पंचायत सैदपुर में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया। क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र यादव ने सैदपुर में इंटरलाकिंग, खड़ंजा सहित पांच विकास कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही चार इंटरलॉकिंग सड़को का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर विधायक ने जनता की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया,उन्होंने कहा कि जनता की जो भी समस्याएं हैं उन्हें अधिकारी गंभीरता से ले और तत्काल निस्तारित कराएं। विधायक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है हर गरीब के सिर पर छत होना चाहिए। गरीबों के आवास एवं शौचालय निर्माण के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है।उन्होंने ने कहा की माँ कामाख्या नगर पंचायत बनने से जनता को शहरी सुविधायें मिलेंगी साथ ही विकास कार्यों को गति मिलेगी।जिससे हर क्षेत्र का विकास होगा। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता,पंचायत सचिव करुणा शंकर,वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी,निर्मल शर्मा,प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडे,बैजनाथ,शीतला प्रसाद शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएमएस अपने आदेशों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां

अयोध्या। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से सीएचसी बीकापुर में तैनात डॉक्टर अनिल कुमार वर्मा को जिला चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ के पद पर अटैच किया गया था चिकित्सक के कार्य से असंतुष्ट होकर जिला चिकित्सालय अयोध्या के प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी द्वारा बीते सितंबर माह में अटैच चिकित्सक डॉक्टर अनिल वर्मा का अटैचमेंट समाप्त करने के लिए पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा को लिखा था सीएमएस के पत्र पर सीएमओ द्वारा अटैचमेंट समाप्त करने का आदेश भी कर दिया परंतु प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी ना जाने क्यों रिलीव नहीं कर रहे हैं बीते माह अक्टूबर में सीएमएस द्वारा बताया गया था कि 8 नवंबर को होने वाले स्नान के समापन के बाद इन्हें रिलीव कर दिया जाएगा परंतु स्नान बीत जाने के बावजूद भी आज तक अटैच चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार वर्मा को रिलीव नहीं किया गया है प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी अपने ही आदेशों की खुलेआम अवहेलना कर इनको रिलीव नहीं कर रहे हैं और अपनी मनमानी कर रहे हैं अब यह देखना है कि सीएमएस द्वारा इनको कब तक रिलीव करेंगे

## विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

मिल्कीपुर—अयोध्या। ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत चोरी की शिकायत के बाद विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, अभियान के तहत विद्युत चोरी के मामले में 11 लोगों को अवर अभियंता ने दर्ज कराया संबंधित धाराओं में मुकदमा। उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह की अगुवाई में अवर अभियंता राम चरित्र ने विद्युत विभाग की टीम के साथ बरियारपुर, जगदीशपुर, पूरे सूबेदार, मिल्कीपुर, हरिदीन का पुरवा व गंगा सराय गांव में अभियान चलाकर विद्युत चोरी के मामले में मोहम्मद रउफ ,पन्नालाल ,आनंद देव, कृष्ण कुमार, हरिनाथ समेत 11 लोगों को उपखंड अधिकारी ने विद्युत चोरी करते हुए पकड़ लिया उपरोक्त लोगों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत अवर अभियंता ने थाना कोतवाली इनायत नगर में मुकदमा दर्ज कराया है। उपखंड अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र से विद्युत चोरी करने वाले लोगों के बारे में जानकारियां मिल रही थी लेकिन विद्युत विभाग की टीम पहुंचने के पहले वह लोग सतर्क हो जाते थे और सफलता हाथ नहीं मिल पा रही थी, लेकिन आज विद्युत टीम ने रंगे हाथ विद्युत चोरी करते हुए पकड़ लिया जिसके बाद पकड़े गए लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नरेंद्र भादा के पूरे हरिदीन गांव में कैंप लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कराया गया।

## हद हो गयी : सड़क पर घूम रहे गौवंशी, कहां गयी गौशालाएं

उन्नाव। सड़क पर घूम रहे है आवारा मवेशी, फिर भी अधिकारी अनजान बने है। अधिकारी आवारा मवेशियों की रोकथाम करने में नाकाम साबित हो रहे है। बता दे कि तहसील बीघापुर के अंतर्गत उन्नाव से रायबरेली सड़क सुमेरपुर से बक्सर बिहार से मौरावा चाहे जिस रोड का हाल देखो उन सड़कों पर बेखौफ जानवर घूमते व बैठते हैं। हॉर्न बजाने पर नहीं हटते हैं जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओ की आशंका बनी रहती है। आवारा पशुओं का डेरा वाहन चालकों को दिक्कतें पैदा कर रहा है। आवारा पशु एक बार जहां पसर जाते हैं वहां से नहीं हटते हैं मवेशियों के इधर उधर भटकने से आए दिन दुर्घटनाएं घटित हुआ करती हैं। जहां उत्तर प्रदेश शासन मवेशियों के रखरखाव के लिए गौशाला का निर्माण कराया है कहीं कुछ ग्राम पंचायतों में गौशाला के निर्माण के नाम पर ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी तहसील की सह पर लाखों करोड़ों रुपए हजम कर रहें हैं। केवल कागजों में ही गौशाला का निर्माण हो गया है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज तक मवेशियों के पुख्ता इंतजाम के लिए कोई भी पुख्ता कदम नहीं उठाया गया है।

## डेंगू के बढ़ते संक्रमण ने बढ़ाई चिंता,51 नए मामले

कानपुर। डेंगू लगातार शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कहर बरपा रहा ह। हर दिन नए मरीज मिल रहे और खतरा बढ़ता जा रहा है। . 51 नए मरीज मिले हैं। हैलट और उर्सला की ओपीडी में डेंगू जैसे लक्षणों और वायरल फीवर के मरीजों की भीड़ लगी हुई है। इमरजेंसी में भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक,51 मरीजों में 33 शहर और 18 आसपास के जिलों से हैं। एसीएमओ डॉ.आरएन सिंह ने बताया कि,उर्सला में 190 सैम्पल लिए गए,जिसमें से 42 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। यहां पर पॉजिटिविटी रेट 22.11 फीसदी रहा। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की रिपोर्ट में 30 सैम्पलों में 9 मरीजों में संक्रमण मिला। पॉजिटिविटी रेट 30.00 फीसदी रिकॉर्ड किया गया। कुल 220 सैम्पल लिए गए जिनमें 51 मरीज संक्रमित निकले। पॉजिटिविटी रेट 23.18 फीसदी रहा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक,डेंगू की पुष्टि वाले मरीजों और उनके क्षेत्र में टीमें लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। साथ ही कैंप लगाकर भी जांच की जा रही है। इसके अलावा,हैलट के बाल रोग विभाग में भी वायरल बुखार और डेंगू के लक्षण वाले बच्चे काफी संख्या में भर्ती हैं। वहीं, त्वचा रोग की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है।

# अयोध्या से रामराज्य की परिकल्पना पूरे विश्व में हुई प्रसारित : चंपत राय

## दीपोत्सव के वार्ड की साज सज्जा के लिए वार्ड को किया गया पुररूकृत

अयोध्या। विश्व कीर्तिमान स्थापित करने वाले दीपोत्सव के दौरान महानगर के वार्डो को दीपक की ज्योति प्रज्जवलित करने के साथ आकर्षक रुप से सजाने वाले स्थानीय लोगो के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन सांसद लल्लू सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने वार्डो को सजाने में सहभागिता करने वाली टीम को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोह लिया। दीपोत्सव के दौरान वार्ड के चौराहों व प्रमुख स्थानों पर दीप प्रज्जवलन, रंगोली, सांस्कृतिक गीत बजा कर दीपोत्सव को व्यापकता प्रदान की गई थी। जिसमें प्रथम पुरस्कार महंत अवैद्यनाथ वार्ड को मिला। द्वितीय पुरस्कार अवधपुरी वार्ड को तथा तृतीय पुरस्कार संयुक्त रुप से शिवाजी नगर वार्ड व लक्ष्मणघाट वार्ड को मिला। सांत्वना पुरस्कार डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड व अम्बेडगरनगर वार्ड को मिला। सांसद लल्लू सिंह ने सांसद निधि से प्रथम पुरूस्कार प्राप्त वार्ड में विकास हेतु 10 लाख, द्वितीय पुरूस्कार प्राप्त वार्ड में 8 लाख तथा तृतीय पुरूस्कार प्राप्त दोनों वार्डों में 5—5 लाख रूपये विकास हेतु प्रदान करने की घोषणा की। सम्मान समारोह का आयोजन कौशलपुरी स्थित सुरेन्द्र लान में हुआ। जिसमें महानगर से करीब दो हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य अतिथि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने कहा कि रामनगरी अयोध्या से रामराज्य की परिकल्पना पूरे विश्व में प्रसारित हुई है। यहां संस्कृति में आदर्श व मर्यादा समाहित है। दीपोत्सव के माध्यम से यहां के सांस्कृतिक महत्व को वैश्विक स्तर पर परिभाषित किया गया है। हर बार दीपोत्सव का दायरा काफी बढ़ता जा रहा है। जनसहभागिता के माध्यम से इस बार दीपोत्सव काफी व्यापक स्वरुप में नजर आया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम नगरी के रुप में स्थापित करने की है। इस मंशा को सकार स्वरुप देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है।

आज अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गयी है। इसमें दीपोत्सव का भी बड़ा योगदान रहा है। राम के अयोध्या आगमन पर मनाया जाने वाला दीपोत्सव अब पूरे विश्व के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है। उन्होने कहा कि अगले दीपोत्सव का दायरा और भी बड़ा किया जायेगा। जिसमें नगर निगम के सभी वार्डो को सम्मलित किया जायेगा। इसके साथ में जिले की नगर पालिका, नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों में भी इसको व्यापक रुप से मनाया जायेगा। इससे हमारी लोकसंस्कृति व लोकपरम्परा का भी दर्शन दीपोत्सव पूरे लोकसभा क्षेत्र में दिखाई देगा। दीपोत्सव में हर व्यक्ति की सहभागिता हो इसका प्रयास भी किया जायेगा। जनसहभागिता से ही इसको व्यापकता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता, कमलाशंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, विनय गुप्ता, मनमोहन जायसवाल, शीतला पाण्डेय, अरविंद सिंह, सुशील जायसवाल, जय सिंह छोटे, जितेन्द्र दूबे मिंटू प्रधान उपस्थित रहे। संचालन प्रतीक श्रीवास्तव ने किया।

# सपा के फरार विधायक के खिलाफ मेडिकल कॉलेज कांड की दोबारा फाइल खोलने की तैयारी

## सत्ता के रसूख से 4 केस में लगाई गई थी फाइनल रिपोर्ट

कानपुर। सपा के फरार विधायक इरफान सोलंकी पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। फरार चल रहे नेता के खिलाफ मेडिकल कॉलेज कांड के दौरान स्वरूप नगर थाने में दर्ज सभी मुकदमों की फाइल दोबारा खोलने की तैयारी है।

ऐसे में ये माना जा रहा है कि इरफान के खिलाफ भी कानूनी घेराबंदी आजम खान की तरह होगी। मेडिकल कॉलेज कांड में दर्ज 4 मुकदमों की समीक्षा शुरूः अफसरों का एक पैनल इरफान के खिलाफ मेडिकल कॉलेज कांड में दर्ज 4 मुकदमों की समीक्षा कर रहा है। अफसरों की माने तो इन चारों मुकदमे में साक्ष्य थे। मगर सत्ता के रसूख के चलते विधायक को क्लीन चिट दी गई। इन केस में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी। मौजूदा समय में कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट से विधायक इरफान सोलंकी पर पड़ोसी महिला का घर फूंकने का आरोप है।

पूर्व विधायक और उनके भाई रिजवान के खिलाफ जाजमऊ थाने में एफआईआर दर्ज है। इसके बाद से दोनों भाई फरार चल रहे हैं। अब ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने इरफान सोलंकी के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में दर्ज सभी मुकदमों की फाइल तलब की है। पुलिस अफसरों की माने तो 2014 में मेडिकल कॉलेज कांड में दर्ज सभी मुकदमों में विधायक के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी सत्ता के रसूख के चलते मामले में एफआर लगाकर विधायक को क्लीनचिट दे दी गई थी।

लेकिन अब उन सभी मुकदमों को दोबारा खोलने की तैयारी की जा रही है। अफसरों का पैनल स्वरूप नगर में इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज 4 मुकदमा की समीक्षा कर रहा है।

एक मुकदमा दर्ज होने के बाद स्पंज कर दिया गया था। जबकि 3 में जांच के बाद फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी। कुर्की या फिर विधायक का होगा सरेंडरः इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान के खिलाफ जाजमऊ थाने में उनकी पड़ोसी महिला बेबी नाज ने एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप है कि प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से विधायक और उनके भाई रिजवान ने उनका घर फूंक दिया। इसी मामले में विधायक और उनके भाई फरार चल रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की है।

विधायक और उनके भाई के खिलाफ कोर्ट एनबीडब्लू जारी कर चुका है। विधायक अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करने की तैयारी कर रहे है। विधायक ने अगर सरेंडर नहीं किया तो उनके घर पर कुर्की की कार्रवाई हो जाएगी।

## वी प्रोडक्शन कम्पनी ने सोनी श्रीवास्तव को सुपर जज के खिताब से नवाजा

बहराइच ।मंजिल उन्हीं को मिलती है , जिनके सपनों में जान होती है,पंख से कुछ नहीं होता ,हौसलों से उड़ान होती है।ये पंक्तियां मेट्रो डांस एकेडमी की निदेशक एवं भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला संयोजक रंजीता श्रीवास्तव सोनी ने सच कर दिखाया है।सोनी श्रीवास्तव ने एक बार फिर जनपद का गौरव बढ़ाने का कार्य किया है।उल्लेखनीय हो मुम्बई स्थित वी कंपनी प्रोडक्शन हाउस में डायरेक्टर शिव कुमार द्वारा सोनी श्रीवास्तव को सुपर जज के खिताब से नवाजा। टीवी रिअलिटी शो द डांस आइकॉन के सेमीफाइनल व फाइनल, जिसकी शूटिंग मुम्बई के वी कंपनी स्टूडियो विरार में आयोजित हुई उसमें निर्णायक की भूमिका में प्रवेश राणा,वैभव दूबे व सोनी श्रीवास्तव ही रही। ज्ञात रहे इससे पहले सोनी श्रीवास्तव को जयपुर में इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड 2022 में बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा द्वारा बेस्ट डांस कोरियोग्राफर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी देवी अवार्ड प्रदान किया है। इसके अलावा लखनऊ महोत्सव, यू०पी० महोत्सव, अवध महोत्सव सहित कई अन्य जगहों पर अवार्ड पाकर जनपद का नाम रौशन किया है।उनकी इस सफलता से बधाईयो का दौर जारी है।

## डीएम ने किया स्वर्ण जयन्ती पार्क रिसिया का भ्रमण

बहराइच । जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने स्वर्ण जयन्ती पार्क रिसिया का औचक निरीक्षण कर पार्क ग्रीनरी, साफ—सफाई, आगन्तुकों विशेषकर बच्चों के मनोरंजन इत्यादि के लिए उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। पार्क के निरीक्षण के दौरान कुछ डस्टबिन क्षतिग्रस्त पाए जाने पर जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ को निर्देश दिया कि पार्क के अन्दर आवश्यकतानुसार डस्टबिन स्थापित कर कूड़ा डस्टबिन में डालने सम्बन्धित सूचना पट भी स्थापित करा दिए जाए। दिन होने के कारण पार्क में काफी संख्या में लोग विशेषकर परिवार मौजूद थे। डीएम ने कई परिवारों एवं बच्चों से संवाद स्थापित कर पार्क की व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त किया। पार्क आये लोगों तथा बच्चों ने पार्क की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। डीएम ने थानाध्यक्ष रिसिया को निर्देश दिया कि पार्क में विशेषकर आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए महिलाओं एवं बच्चों हेतु सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध किए जाए। डीएम ने जिला उद्यान अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि पार्क में आवश्यकतानुसार पौधे रोपित कर और भी आकर्षक बनाएं।

# दुलार कार्यक्रम से सही होगा नौनिहालों का पोषण: अमित सिंह खण्ड विकास अधिकारी









दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बाल विकास परियोजना कार्यालय, द्वारा आयोजित दुलार कार्यक्रम के अंतर्गतन सभी आगनबाड़ी कार्यकत्रीयों का एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम, खण्ड विकास अधिकारी सभागार डुमरियागंज में आयोजित किया गया। इस पुरे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह ने पोषण सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा की दुलार कार्यक्रम बच्चों के बहुमुखी विकास मे सहायक होगा तथा सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुए कहां की आप सब अपने–अपने संबंधित क्षेत्रों में अति शीघ्र पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पोषण संबंधित पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं तथा 0 से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों कुपोषण संबंधित जानकारी अवश्य प्रदान करवाएंस साथ ही पोषण वाटिका, पोषण ट्रैकर, पोषाहार वितरण इत्यादि की जानकारी प्राप्त की बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम के अवधारणा को बताते हुए सभी को स्वास्थ्य एवं पोषण तथा कुपोषित बच्चो एवं गृह भ्रमण की जानकारी देते हुए अति कुपोषित बच्चों के देख भाल के विषय में जानकारी दी। दुलार कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन से गाँधी फेलो सुश्री प्रीति गौतम ने बताया की शून्य से छरू वर्ष के बच्चों के घर घर जा कर हेल्प लाइन नम्बर 08068971703 मिसकाल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करना होगा उसके बाद साप्ताह मे चार बार फोन के माध्यम से उन्हे पोषण,स्वास्थ्य, प्रारम्भिक शिक्षा, सुरक्षा और बचाव के विषय में जागरूक किया जायेगा इस दौरान प्रषिक्षक गाँधी फेलो सुश्री प्रीति गौतम द्वारा दुलार कार्यक्रम के तहत बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक विकास पर ज्यादा जोर देने की बात की गई एवं मिस कॉल के जरिए लाभार्थी कि बच्चे को प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी महिला मांशी पटेल, पिरामल फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम प्रमुख सत्येंद्र सिंह, एवं अन्य कर्मचारियों सहित क्षेत्र की समस्त मुख्य सेविका, समस्त आगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रही।

# लोगों की बड़ी बेचौनियां, सीटों के आरक्षण की राह देख रहे है दावेदार

## आरक्षण तय न होने से निरतंर बढ़ रही भाजपा के दावेदारों की फौज– सीटों के आरक्षण को लेकर अटकलों एवं अफवाहों का बाजार गर्म

राजेश शर्मा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। इस समय जनपद के सभी नगर निकायों में लोगों की बेचौनियां लगातार बढ़ती जा रही हैं आरक्षण को लेकर जहां दावेदार असमंजस में पड़े हुए हैं तो उनके समर्थक भी अब कुछ थके थके से नजर आ रहे हैं आपको बता दें कि निकाय चुनाव को लेकर जिले की विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में सियासत अपने उफान पर है, मगर दावेदारों के मन में सीटों के आरक्षण को लेकर संशय बना हुआ है। 18 नवम्बर के पहले जारी होने वाली आरक्षण सूची अभी तक जारी नहीं हो पायी है। इसकी टकटकी में दावेदारों की रातों की नींद और दिन का आराम गायब हो गया। हालांकि दावेदार अपने जनसम्पर्क अभियान में जुटे हुए है और उनके समर्थक विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी चुनावी बयार को अपने पक्ष में करने के लिए दावेदार पूरी तरह से सक्रिय हो गये है। इससे शहर में सियासत पूरी तरह गर्म हो गयी है। मालूम हो कि अभी निकाय चुनाव को लेकर कोई अधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है, मगर शहर में इसकी सियासत अपने चरम पर पहुंचने लगी है। टिकटर्थियों की सर्वाधिक संख्या भाजपा में दिखायी दे रही है। टिकट की इस रेस में दो पूर्व अध्यक्षों के शामिल होने से चुनावी बयार तेज वोट दो. हो गयी है। वर्तमान नपाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल के साथ पूर्व नपाध्यक्ष एसपी अग्रवाल एवं पूर्व नपाध्यक्ष स्व. घनश्याम जायसवाल के पुत्र संजीव जायसवाल द्वारा टिकट के लिए कसरत किया जा रहा है। इसके अलावा निवर्तमान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजू सिंह, लाल आनंद प्रकाश बबलू, मणिकांत शुक्ला, राकेश दत्त त्रिपाठी ,विपुल द्विवेदी समेत कई अन्य भी. भाजपा प्रत्याशी होने का दावा कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब गुड्डू त्रिपाठी का नाम भी जुड़ गया है। शहर में इन दावेदारों के बीच पोस्टरवार तो चल ही रहा है साथ ही साथ ये सभी दावेदार और उनके समर्थक सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव हो गये है। पर्व पर अधिकांश दावेदार सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते दिखायी दिए। दिनभर अपने द्वारा किये गये जनसम्पर्क एवं नामी गिरामी लोगों के साथ ली गयी तस्वीर को शाम होते ही फेसबुक, वाटसअप एवं इन्टाग्राम पर शेयर किया जा रहा है। यह क्रम एक दिन नहीं, बल्कि दावेदारों की रोजाना की दिनचर्या में शामिल है। दावेदारों पटाने में जुट गये हैं। द्वारा इन सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर नागरिकों से अपने लिए समर्थन भी मांगा जा रहा है। बताया जाता है कि टिकट के लिए लगी लंबी कतार से प्रत्याशी घोषणा के बाद भाजपा में बगावत की संभावना भी प्रबल हो गयी है। यह तो तय है कि टिकट किसी एक को ही मिलेगा। अन्य के हाथ सिर्फ निराशा ही लगेगी। अब सवाल यह है कि जो दावेदार काफी समय से जनता में अपनी पैठ बनाने का प्रयास कर रहा है क्या वह टिकट न मिलने की दशा में चुनावी मैदान से हट जायेगा ? ऐसा होने की संभावना काफी कम है।

जाहिर है कि अन्य दावेदार भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ उतर जायेंगे। इसका खामियाजा भाजपा के प्रत्याशी को भारी पड़ सकता है। हाल में ही सदर नपा का अध्यक्ष पद आरक्षित हो जाने की अफवाह उड़ने से सामान्य वर्ग के दावेदारों में निराशा फैल गयी है।

# शहीद सम्मान यात्रा का विभिन्न स्थानों पर हुआ भवय स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अमरगढ़ के शहीदों के सम्मान सम्मान मे डुमरियागंज से निकाली गई शहीद सम्मान यात्रा जो विभिन्न स्थानों से होकर बांसी पहुंचने पर सर्वप्रथम पेट्रोल पंप तिराहे पर स्थित माधव पार्क मे माधव बाबू के प्रतिमा पर डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने फूल माला पहना कर श्रद्धांजलि अर्पित किया वह शत् शत् शत् नमन किया










इसी तरह कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र मणि त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुंवर कुमार ने भी माधव बाबू के प्रतिमा पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया इसके पहले रोडवेज चौराहे पर अमरगढ़ शहीद सम्मान यात्रा पहुंचने पर अजय वर्मा ने पूर्व विधायक का स्वागत बैंड बाजा के साथ फूल माला अपने सैकड़ों साथियों के साथ पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया इसी तरह भाजपा के युवा नेता विष्णु जयसवाल सोनू ने भी पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर व माला पहनाकर स्वागत किया।शहीद सम्मान यात्रा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ,गौरी शंकर अग्रहरी, ओम प्रकाश चौधरी, विजय दुबे, बजरंगी बर्मा, मंगल चौरसिया, बलराम कुलश्रेष्ठ सहित काफी संख्या मौजूद रहे। जिला मुख्यालय पर नगर पालिका अध्यक्ष पद के दावेदार युवा भाजपा नेता राकेश दत्त त्रिपाठी ने अमरगढ़ महोत्सव के शहीद सम्मान यात्रा को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भव्य तरीके से सनई चौराहे पर स्वागत किया।

में डुमरियागंज से निकाली गई शहीद सम्मान यात्रा जिला मुख्यालय सहित सभी जगहो पर जायेगी। जिसका समापन मंगलवार को बजरंगी चौक पर होगा । सम्मान यात्रा में गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष डा0 धर्मेंद्र सिंह,विधायक प्रदीप शुक्ला,विधायक श्याम धनी राही,भाजपा के गोरखपुर के प्रभारी अजय सिंह गौतम समेत भारी संख्या में लोग हुए शामिल। कार्यक्रम के आयोजक हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया शहीद सम्मान यात्रा के अलावा शहीदों की याद में 26 नवंबर से 28 नवंबर तक अमरगढ़ महोत्सव.का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को अमरगढ़ के शहीदों के

# राकेश दत्त त्रिपाठी ने किया दंगल का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोमवार को राकेश दत्त त्रिपाठी ने जिला मुख्यालय पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया





गया, दंगल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से दर्जनों प्रसिद्ध पहलवानों की उपस्थिति रही जिसमें कई पहलवानों की कुश्ती देखते बनी लोगों में एक खुशी का माहौल नजर आया राकेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृत का महान खेल है जिसमें दिल और दिमाग दोनों मजबूत होता है जो हमारी पीढ़ी की मजबूत कद काठी का याद दिलाता है सदैव ऐसे खेलों को बढ़ावा मिलना चाहिए जहां भी आयोजन हो वहां के आयोजन को से अपील है कि मेरी जहां भी जरूरत हो जरुर बताएं इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोगों की उपस्थिति रही।

# जिलाधिकारी ने नजारत चपरासियों में बैग का वितरण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0रा०) उमाशंकर की उपस्थिति में जिलाधिकारी कक्ष में नजारत चपरासियों में बैग का वितरण किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि नजारत चपरासियों को शासकीय डाक को सुरक्षित लाने व ले जाने के लिए बैग का वितरण किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय से जनपद मुख्यालय व जनपद मुख्यालय से मण्डल मुख्यालय व शासन तथा परिषद को नजारत द्वारा शासकीय डाक भेजा जाता है, जिसकी सुरक्षा एवं कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें बैग उपलब्ध कराया गया है। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट के कर्मचारी शिवरतन, शिवपूजन, राम किशोर यादव, दयाशंकर मिश्र, जनार्दन चौबे, नन्द कुमार एवं चन्द्रिका को बैग का वितरण किया गया। बैग वितरण के अवसर पर गिरीश चन्द्र मिश्र नाजिर सदर रमाकान्त पाठक नायब नाजिर प्रथम, राज कुमार उपाध्याय, सुभानउल्लाह, अशोक कुमार, नोखई, राम करन, गजेन्द्र, श्रीमती सुशीला मिश्रा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।






# पंचायत राज विभाग को मिले 22 इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट/कंसल्टिंग इंजीनियर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पंचायत राज निदेशालय ने जिले के पंचायत राज विभाग को 14 विकास खंडो के 1136 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो के प्रक्कलन एवं माप पुस्तिका तैयार करने के लिये 22 रजिस्टर्ड इम्पैनल्ड आर्किटेक्टध्कंसल्टिंग इंजीनियर की तैनाती की है। जो केन्द्रीय वित्त एवं राज्य वित्त मद के सभी कार्यो का संपादन कराएंगे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शनिवार को इम्पैनल्ड आर्किटेक्टध्कंसल्टिंग इंजीनियर को विकास खंडों का आवंटन कर दिया है। इसमें इम्पैनल्ड आर्किटेक्टध्कंसल्टिंग इंजीनियर अभिषेक यादव व कन्हैया लाल को जोगिया विकास खंड, श्रवण कुमार को खुनियांव विकास खंड, दीपक कुमार व हरिवंश कुमार चौधरी को खेसर विकास खंड, अरशद जमाल को इटवा विकास खंड, अनिल कुमार को बढ़नी विकास खंड, में सुमित्रानंदन मिश्रा व शिवम सिंह को बांसी विकास खंड, सुधांशु पाठक व दिनेश यादव को बर्डपुर विकास खंड, सुनील कुमार व कुमारी प्रतिभा को मिठवल विकास खंड, देवेंद्र कुमार को भनवापुर, कुमारी रेनू वर्मा को शोहरतगढ़ विकास खंड, कुमारी सुषमा व कुमारी नैन्सी को उसका बाजार विकास खंड, अनुराग चौधरी को डुमरियागंज विकास खंड, रहमत अली व चंद्रपाल राव को नौगढ़ विकास खंड में तथा शिवम अग्रवाल व सिद्धार्थ पटेल को लोटन विकास खंड में तैनात किया है।

गौरतलब है कि अभी तक पंचायत राज विभाग के कार्यों को अन्य विभाग के इंजीनियर स्टीमेट एवं एमबी करते थे। जिसके कारण गुणवत्ता की अनदेखी होती थी। इसके साथ में गैर विभाग इंजीनियर के चलते ग्राम पंचायतों के विकास कार्य भी प्रभावित होते थे। कंसल्टिंग इंजीनियर की तैनाती से ग्राम पंचायतों के विकास कार्य में तेजी आएगी।

## सम्पादकीय

क्या उन्हें पता नहीं है कि सावरकर जी को लेकर उनकी दादी किस तरह से सोच रखती थीं। अगर पता है तो इसका मतलब है कि वे अपनी दादी के विचारों को भी नहीं मानते। वे यह बात एक बार खुलकर देश को बता क्यों नहीं देते। अगर उन्हें यह नहीं पता है कि इंदिरा गांधी की सावरकर जी को लेकर किसी तरह की ...

# विवाद : काश! राहुल कुछ सीख लेते अपनी दादी से

राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र में संसद भवन जाएं तो एक बार देख लें विनायक दामोदर सावरकर का वहां पर लगा चित्र। वे संसद भवन के स्टाफ से यह भी पूछ लें कि इस चित्र का अनावरण कब और किसने किया था। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में वीर सावरकर पर ओछी टिप्पणियां करके अपनी अज्ञानता और मंद बुद्धि का ही परिचय दिया है। हो सकता है कि उन्हें पता ही न हो कि वीर सावरकर का चित्र संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ है, जहां तमाम सांसद रोज ही जाते हैं। वीर सावरकर के चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। इस पर कांग्रेस को जवाब दिया गया था कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति और स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग और समर्पण को देखते हुए सेंट्रल हॉल में उनके चित्र स्थापित उन्हें सम्मान दिया गया। क्या राहुल गांधी को पता नहीं है कि संसद भवन में किसी असाधारण शख्सियत का ही चित्र लग सकता है? भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विगत मंगलवार को राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में रैली की। उन्होंने कहा कि एक ओर बिरसा मुंडा जैसी महान शख्सियत हैं, जो अंग्रेजों के सामने झुकी नहीं और दूसरी ओर सावरकर हैं, जो अंग्रेजों से माफी मांग रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, श्भगवान बिरसा मुंडा जी 24 साल की आयु में शहीद हो गए। अंग्रेजों ने उन्हें जमीन देने की कोशिश की, ध्यान देने की कोशिश की, उन्हें खरीदने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने सब नकार दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने लोगों को हक दिलवाना है।य राहुल गांधी, उनके सलाहकार और समर्थक उन्हें संविधान से प्राप्त अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र हैं।

अपनी सियासी यात्रा में उन्होंने स्वातंर्त्यवीर सावरकर जी के संबंध में जो टिप्पणी की है, उसकी जरूरत क्या थी। काश! उन्होंने सावरकर के बारे में अपनी दादी एवं देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ही राय को जान लिया होता। इंदिरा जी जब भारत की सूचना एवं प्रसारण मंत्री थीं, तब उन्हीं के निर्देश पर और उन्हीं की देखरेख में सावरकर जी पर केंद्रित डाक्यूमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा जी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति या सम्मान में डाक टिकट जारी होने की जानकारी भी शायद इन लोगों को नहीं होगी। ऊपर से, इनको यह जानकारी क्यों नहीं है कि स्वयं इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिए 11,000 रुपये का अंशदान किया था। जो बातें आज राहुल गांधी कहते हैं, वे इंदिरा जी को क्यों नहीं मालूम थीं, या राहुल गांधी अपनी पसंद का नया इतिहास ही जानने की जिद पर अड़े हैं। आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। आप सावरकर जी की तुलना बिरसा मुंडा से क्यों कर रहे हो। राहुल गांधी के साथ दिक्कत यह है कि उन्हें खुद भी नहीं पता होता कि वे क्या बोल रहे हैं। जो उनके सलाहकार उन्हें कह देते हैं, वे बोल देते हैं। राहुल गांधी को कायदे से इस समय देश के आम जन के सामने उपस्थित मसलों पर अपनी बात रखनी चाहिए। वे तो न जाने कहां जा रहे हैं। इस समय वैसे भी सावरकर जी पर टिप्पणी करने का क्या मतलब है पर राहुल को तो कुछ न कुछ बोलना है। क्या उन्हें पता नहीं है कि सावरकर जी को लेकर उनकी दादी किस तरह से सोच रखती थीं। अगर पता है तो इसका मतलब है कि वे अपनी दादी के विचारों को भी नहीं मानते। वे यह बात एक बार खुलकर देश को बता क्यों नहीं देते। अगर उन्हें यह नहीं पता है कि इंदिरा गांधी की सावरकर जी को लेकर किसी तरह की सकारात्मक राय थी, तब तो उनका भगवान ही मालिक है। राहुल के साथ दिक्कत यह भी है कि वे पढने–लिखने की दुनिया से बहुत कोसों दूर हैं। जब कुछ बोलते हैं, तो समझ आ जाता है कि उनका उस विषय पर ज्ञान और समझ अधकचरी है। इसलिए उनके इटालियन ज्ञान पर अब लोगों को दया ही आती है।

# महंगाई का आंकड़ा

अर्थव्यवस्था की यह आम समझ है कि अगर बाजार में मांग गिरती चली जाए, तो कंपनियां उत्पादन घटाएंगी, उससे रोजगार के अवसर सिकुड़ेंगे और उन सबका नतीजा यह होगा कि मुद्रा का प्रसार घटेगा। खुदरा महंगाई बढने की दर अक्टूबर में 6.8 प्रतिशत रही। थोक भाव मूल्य सूचकांक 18 महीनों के सबसे निचले स्तर यानी 8.4 प्रतिशत पर आ गया। इन आंकड़ों को समझने के दो नजरिए हो सकते हैं– पहला तो यही कि आखिरकार भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर बढ़ाने की नीति कामयाब हो रही है। इससे महंगाई बढने की दर पर अब लगाम लगी है। नीति निर्माता इसे अपनी सफलता के रूप में जरूर पेश करेंगे। लेकिन आम उपभोक्ता के नजरिए से देखें, तो पहले काफी तेज रफ्तार से बढ़ चुकी महंगाई अब भी उस दर बढ़ रही है, जिसे खुद सरकार और रिजर्व बैंक की सहन सीमा से काफी ऊंची है। गुजरे महीनों में महंगाई की कैसी मार पड़ी है, यह तेल साबुन बनाने वाली हर बड़ी कंपनी (एफएमसीजी) के हाल में जारी हुए तमाम रिपोर्टों से जाहिर हुई है। अक्टूबर त्योहारों का महीना था। इसके बावजूद उस महीने एफएमसीजी कंपनियों की बिक्री और मुनाफे में गिरावट आई। इसका सीधा मतलब है कि देश की बड़ी आबादी ने अपने बेहद जरूरी उपभोग में कटौती की है– और कम से कम पिछले महीने तक इस रुझान से राहत के कोई संकेत नहीं थे। अर्थव्यवस्था की यह आम समझ है कि अगर बाजार में मांग गिरती चली जाए, तो कंपनियां उत्पादन घटाएंगी, उससे रोजगार के अवसर सिकुड़ेंगे और उन सबका नतीजा यह होगा कि मुद्रा का प्रसार घटेगा। यह गौर करने की बात है कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति की दर में वृद्धि संभलने के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनमें इस पहलू का कितना योगदान है? बहरहाल, वर्तमान सरकार के दौर में ऐसे सवालों पर चर्चा नहीं होती। इसलिए कि उसकी दृष्टि में आम इनसान के हित और अर्थव्यवस्था का विकास अलग–अलग बातें हैं। इस नजरिए की साफ अभिव्यक्ति पिछले हफ्ते हुई, जब जी–20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए शेरपा नियुक्त किए गए अमिताभ कांत ने खुलेआम कहा कि भारत को दस हजार अंबानियों और 20 हजार अडाणियों की जरूरत है। उद्यमियों की जरूरत हर समाज को रहती है। लेकिन अगर दिशा मोनोपॉली की हो, उसमें ना तो उद्यमी पैदा होते हैं, और ना आम जन का हित सधता है। भारत में आज हम यही होते देख रहे हैं।

# श्रद्धा हत्याकांडः प्रेम में प्रविष्ट पाशविकता

**उसका सर फ्रिज में रख आप रोज देखते हैं, और खुश होते हैं तो आप मनुष्य कहलाने काबिल तो नहीं है। आधुनिकता के नाम पर शलिव इनश या ऐसी ही दूसरी प्रवृत्तियों को कानून स्वीकृति भले ही दे दे या आंख मूंद कर बैठ जाए, लेकिन पश्चिमी देशों के अंधानुकरण की यह प्रवृत्ति हमें कहां ले जा रही है यह साफ दिख रहा है। बात–बात पर धरने–प्रदर्शन एवं विरोध करने वाली सामाजिक संस्थाएं तो बहुत हैं...**

डॉ. घनश्याम बादल

प्रेम एक आत्मिक अनुभूति है। एक–दूसरे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं विास का प्रतीक है प्रेम। मगर जब यह तथाकथित श्प्रेमय केवल दैहिक आकषर्ण रह जाए अथवा मन में वासना का ज्वर हावी हो जाए तो फिर वह प्रेम नहीं कुछ और हो जाता है।

प्रेम तब भी प्रेम नहीं रहता जब उसमें केवल पाने की इच्छा हो अथवा प्रेम को सीढ़ी बनाकर प्रगति के सोपान चढने की हवस उसके पीछे छुपी हो। आज आधुनिकता की होड़ में लगे युवा वर्ग ने प्रेम को पाने का पर्याय बना दिया है या फिर कहें कि अब प्रेम में पाप इस तरह घुल मिल गया है कि प्रेम और पाप को अलग करके देखना मुश्किल हो गया है।

प्रेम उदारता का दूसरा नाम है, प्रेम में सर्वस्व समर्पण एवं दूसरे के प्रति उदारता निहित है, लेकिन जब प्रेम मानवीय न होकर दानवीय हो जाए तो फिर प्रेम पर पाशविकता हावी हो जाती है और आजकल प्रेम पर पाशविकता का कब्जा सा हो गया दिखता है।

जिस तरह श्रद्धा की हत्या की गई उसके शरीर के छोटे–छोटे टुकड़े करके फ्रिज में रखा गया, बड़े शांत दिमाग के साथ उन्हें अलग–अलग भागों में फेंका गया और विज्ञान तथा तकनीकी का उपयोग करके उसकी बदबू रोककर पड़ोसियों तक को उसकी भनक तक नहीं लगने दी गई यह प्रेम में प्रविष्ट हुई पाशविकता का घिनौना उदाहरण है।

आधुनिक होना बुरा नहीं है, लेकिन आधुनिकता के नाम पर जीवन मूल्यों को ताक पर रख देना, नैतिकता को दरकिनार कर देना, भौतिकता के गर्त में इतना डूबना कि आत्मा से आत्मा का मिलन महज एक शाब्दिक लफ्फाजी मात्र रह जाए तो फिर आज के प्रेम पर शंका होना स्वभाविक है, और जिस समाज को हम सभ्य समाज मानते हैं उसमें जितनी संख्या ऐसी घटनाएं दिखाई दे रही हैं उसे देखते हुए उस समाज को सभ्य कहने से पहले सौ बार सोचना पड़ता है।

वैसे ऐसा भी नहीं है कि इस प्रकार का नृशंस हत्याकांड कोई पहली बार हुआ हो या फिर प्रेम में धोखा पहले न हुआ हो। पहले भी ऐसे प्रकरण सामने आते रहे हैं

नैना साहनी हत्याकांड में उसके शरीर को तंदूर में जलाकर नष्ट किया गया, उत्तराखंड में घूमने आए इंजीनियर ने खुद अपनी पत्नी की हत्या करके उसके शव के टुकड़े–टुकड़े करके ऐसे पहाड़ी स्थानों पर फेंके जहां से उनकी बरामदगी कल्पना से बाहर थी। यह तो केवल दो उदाहरण मात्र हैं ऐसे हजारों प्रकरण देश में होते रहते हैं मगर वे अखबारों की सुर्खियों या टीवी की खबरों तक नहीं पहुंच पाते। दिल्ली में होने की वजह से निर्भया हत्याकांड सुर्खियों में आ जाता है श्रद्धा प्रकरण जोर पकड़ता है, लखनऊ में निधि का मरना सबको पता चल जाता है देहरादून के होटल में काम करने वाली अंकिता को भी नदी में फेंक दिया जाता है तो उससे भी थोड़े से समय के लिए एक ज्वार उठता है, लेकिन छोटे शहरों कस्बों एवं गांव में इस प्रकार का कितना पाशविक प्रेम पनपता है इसकी खबर देश को नहीं लग पाती।

आधुनिक जीवन शैली एवं उन्मुक्त यौन संबंध को प्रगतिशीलता मानने वाले समाज ने प्रेम में एकनिष्ठा का गला घोंट दिया है। कुछ वर्ष पहले ही घटित आरुषि हत्याकांड में भी श्वाइफ स्वैपिंगय का तत्व प्रकाश में आया था यानी अब प्रेम आत्मा से आत्मा के मिलन की नहीं बल्कि शरीर से आनंद लेने और फिर किसी भी डर या दूसरी वजह से उसे नष्ट कर देने का दूसरा पर्याय बनता जा रहा है। बहुत ही चिंताजनक है यह परिवेश और वातावरण। आफताब ने जो कुछ किया यदि वह सच है तो घृणित भी है और निंदनीय भी। यहां श्यदि यह सच हैय इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि भारत में न्यायालय के फैसले कब किस तरह की करवटें ले लें कहा नहीं जा सकता है।

किस कदर रूह को कंपा देने वाली वारदात है यह। जिसके साथ आपने कई साल गुजारे हैं, वो अपने मां–बाप को छोड़कर पार्टनर के साथ रहने आ गया हो। उसे ही न केवल आप मार डालते हैं अपितु उसके शव के टुकड़े–टुकड़े कर डालते हैं। उसका सर फ्रिज में रख आप रोज देखते हैं, और खुश होते हैं तो आप मनुष्य कहलाने काबिल तो नहीं है। आधुनिकता के नाम पर शलिव इन्नय या ऐसी ही दूसरी प्रवृत्तियों को कानून स्वीकृति भले ही दे दे या आंख मूंद कर बैठ जाए, लेकिन पश्चिमी देशों के अंधानुकरण की यह प्रवृत्ति हमें कहां ले जा रही है यह साफ दिख रहा है। बात–बात पर धरने–प्रदर्शन एवं विरोध करने वाली सामाजिक संस्थाएं तो बहुत हैं।

मगर ऐसे मुद्दों पर अडने एवं लडने वाली संस्थाएं एवं लोग कहीं गायब होते जा रहे हैं। लिहाजा एक ऐसी संस्था सरकार का गठन करे, जो इस प्रकार के संवेदनशील एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित प्रकरणों पर स्वयं संज्ञान ले और इन्हें रोके। यहां सवाल केवल श्रद्धा या आफताब का नहीं है।

शलव जिहादय का भी नहीं है वरन प्रेम के नाम पर शोषण या पाशविकता का है। उससे भी बड़ा प्रश्न है जीवन मूल्यों एवं नैतिकता का, प्रेम की सात्विकता का। इस भरोसे को हमें बनाकर रखना होगा वरना आफताब प्रतीकात्मक रूप से दुनिया को अंधेरा ही बांटते रहेंगे।

**हम उम्मीद करें कि देश और दुनिया में भारत को दुनिया का नया मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की जो संभावनाएं प्रस्तुत हो रही हैं, उन्हें साकार करने के लिए उत्पाद लागत को घटाने शोध एवं नवाचार पर फोकस करने, कानूनों को और सरल बनाने, अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण की रफ्तार तेज करने, लश्चजिस्टिक की लागत कम करने तथा श्रमशक्ति को नई डिजिटल कौशल योग्यता से...**

# जी–20 शिखर सम्मेलन : मेक फॉर द ग्लोबल का नया द्वार

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

नवम्बर 16 को भारत के जी–20 का नया अध्यक्ष बनने के बाद श्मेक इन इंडियाय और श्मेक फॉर द ग्लोबलय की नई संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। 15 नवम्बर को दुनिया के सबसे प्रमुख 20 देशों के समूह जी–20 के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सब पर नई वैश्विक व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोविड और यूक्रेन संकट के बाद वैश्विक सप्लाई चेन तहस–नहस हो गई है। ऐसे में भारत आत्मनिर्भरता के साथ वैश्विक जरूरतों की पूर्ति के लिए अहम भूमिका निभाते दिख रहा है।



गौरतलब है कि इन दिनों पूरी दुनिया में चीन प्लस वन की जरूरत के मद्देनजर श्मेक फॉर द ग्लोबलय के लिए भारत को दुनिया के दूसरे नये कारखाने के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। दुनिया के विभिन्न आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोटरे में मेक फॉर ग्लोबल और दुनिया के लिए खाद्यान्न आपूर्ति करने वाले नये देश के रूप में भारत की नई संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 8 नवम्बर को वैश्विक निवेश फर्म मार्गन स्टेनली के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत के वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की जो संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं, उसमें भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब और श्मेक फॉर द ग्लोबलय की अहम भूमिका होगी।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चीन के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनने से भारत को नया आधार मिल रहा है। दुनियाभर में तेजी से बदलती हुई यह धारणा भी भारत के लिए लाभप्रद है कि भारत सस्ती लागत और कार्य कौशल के मद्देनजर विनिर्माण में चीन को पीछे छोड़ते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में तीन नवम्बर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्टय 2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने चीन और वियतनाम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया भर में सबसे कम शविनिर्माण लागतय वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया है। हालांकि इस रिपोर्ट में श्अनुकूल कर वातावरणय और श्पारदर्शी सरकारी नीतियांय जैसी श्रेणियों में भारत का प्रदर्शन अभी भी सुधार योग्य कहा गया है। निश्चित रूप से भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के परिप्रेक्ष्य में अधिक विनिर्माण लागत सबसे बड़ी चुनौती रही है, ऐसे में जहां अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मैन्युफैक्चरिंग लागत में कमी भारत के लिए सुकूनदेह है, वहीं देश में तेजी से आर्थिक सुधारों ने भी भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब की संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। पिछले 8 वर्षो में सरकार ने जिस तरह कई आर्थिक सुधारों को अपनाया है और कई प्रोत्साहन दिए हैं, उससे भी भारत मैन्युफैक्चरिंग के एक बेहतर हब के रूप में उभरते हुए दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पीएलआई स्कीम की सफलता के कारण ही वर्ष 2022–23 में अप्रैल–अगस्त के दौरान फॉर्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 फीसद की कमी आई है और निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब 3.47 फीसद की वृद्धि हुई है। निश्चित रूप से जिस तरह भारत की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है, उससे भी भारत आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी आगे बढ़ेगा। भारत की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है। अब विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) की नई अवधारणा के तहत सरकार के द्वारा सेज से अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ–साथ राष्ट्रीय बाजार के लिए विनिर्माण करने वाले उत्पादकों को विशेष सुविधाओं से नवाजा जा रहा है, इतना ही नहीं कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार ने देश में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात से संबंधित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की संभावनाओं को भी आगे बढ़ाया है। भारत के द्वारा यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को मूर्तरूप दिए जाने के बाद अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।




# सुरसा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मान, मेरा सम्मान:नितिन अग्रवाल

## विस्तृत जांच के बाद ही,पुलिस लिखे मुकदमा,पीडित बार बार थाने ना दौडे

हरदोई। प्रदेश सरकार के मद्य निषेध स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल हरि शंकर मिश्र पीजी मलिहामऊ सुरसा में अपने पुराने कार्यकर्ताओं के बीच पहुचें थे।जहां पर उहोंने क्षेत्र की समस्याओं से रुबरू होते हुए उनके निस्तारण कराए।इस मौके पर उन्होंने अपने पुराने कार्य कर्ताओं का मनोबल बढाते हुए उनके साथ हर सुख दुख में साथ देने का आश्वासन दिया।गुप्ता, ज्ञानू द्विवेदी रवि द्विवेदी दिलीप गुप्ता पुरषोत्तम सिंह आलि ने नितिन अग्रवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्य कर्ताओं का सबोंधित करते हुए नितिन अग्रवाल ने कहा की सुरसा क्षेत्र से उनका पुराना रिस्ता है उनकी और उनके पिता नरेश अग्रवाल जी की राजनीतिक शुरुआत सुरसा से ही हुई,उन्होंने कभी भी जातिवाद की राजनीति नही की,सुरसा क्षेत्र का जो भी कार्य कर्ता पुराने समय से उनके साथ जुडा है उन्होंने कभी भी उसके सम्मान से समझौता नही किया,कार्यकर्ता के सम्मान में ही उनका सम्मान है।इस बात को वह पहले भी कहते और आज भी उनके अमल में हैं।पुलिस लोगों की बीच सामजस्य बिठाकर कार्य करें,बिना विस्तृत जांच के जल्द बाजी में मुकदमा ना लिखा जाए,और सरकार की मंसा अनुरूप पीडित को बार बार थाने पर भी ना दौडाया जाए।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धंनजय मिश्र ने कहा की सुरसा क्षेत्र से नरेश अग्रवाल जी का परिवारिक रिस्ता रहा है,वह हमेशा ही लोगों के दुख सुख में खडे रहे और आज भी वह सुरसा क्षेत्र और अपने कार्य कर्ताओं के सम्मान के लिए साथ खडे है।कार्यक्रम का संचालन खजुरहरा पूर्व प्रधान संजय सिंह ने किया।

## विधायक के प्रयास से आर्थिक कमजोर बीमार व्यक्ति के इलाज हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत हुई 5 लाख रुपये की धनराशि

कछौना, हरदोई।कस्बे के युवा व्यापारी मनीष गुप्ता पुत्र जगदीश विशाल गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी तिलक नगर कछौना वर्तमान समय में कैंसर बीमारी से पीड़ित हैं। जिनका इलाज लखनऊ के प्राइवेट अस्पताल रूम में चल रहा है। गंभीर बीमारी में प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराने में असुविधा हो रही थी। मध्यम परिवार में जन्मे मनीष गुप्ता ने आगे प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराने की असमर्थता जताई। इस दुख की घड़ी में कस्बे में नगर प्रमुख प्रतिनिधि विकास विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी ने विधायक रामपाल वर्मा को मनीष गुप्ता के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की बात कही। विधायक ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित मरीज के आवश्यक कागज आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, इलाज कुटेशन आदि अभिलेख लेकर अपनी रिपोर्ट लगाकर शासन में गंभीर बीमारी इलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु भेज दिया। विधायक के अनुरोध पर पीड़ित मरीज को इलाज हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख की सहायता स्वीकृत हो गई। जिससे इलाज में काफी सहायता मिलेगी। आर्थिक सहायता की कमी के चलते पीड़ित परिवार काफी परेशान था। रिश्तेदार, मित्र सभी ने धीरे–धीरे साथ छोड़ दिया। जनप्रतिनिधियों के इस कदम की पीड़ित परिवार सराहना कर रहा है।

## तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व टीम ने तालाब की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

कछौना,हरदोई।तहसील क्षेत्र सण्डीला के अंतर्गत तहसीलदार सण्डीला की अध्यक्षता में पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम बेगमगंज में दबंगों द्वारा वर्षों से कब्जाई गई तालाब की 13 हेक्टेयर भूमि की पैमाइश कर अवैध कब्जे की जमीन पर चूना गिरवाकर निशानदेही कर मेढ़े बंधवाकर कब्जामुक्त कराया। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन बेसकीमती करोड़ों की बताई जा रही हैं। तालाब पर अवैध कब्जा खाली होने से ग्राम सभा के छुट्टा मवेशियों को पेयजल के लिए राहत मिलेंगी। वहीं पर्यावरण की दृष्टि से भी काफी सहायक होगा। तालाब जल संचयन का एक मुख्य स्रोत होते हैं, धीरे–धीरे भू–माफियाओं के अवैध कब्जा के कारण तालाबों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। जिसका खामियाजा आम जनमानस के साथ पशु पक्षियों को भी उठाना पड़ रहा है। तालाबों पर अतिक्रमण के कारण हमारा पर्यावरण काफी प्रभावित होता है। ग्रामीण सरकार के इस पहल की प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं भू माफियाओं को कड़ा संदेश मिल रहा है, कि अवैध कब्जा धारक किसी भी दशा में बक्से नहीं जाएंगे। इस कार्रवाई से तालाब पर कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज मैं विराट कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरदोई। रफी अहमद किदवाई इण्टर कालेज एवं श्री सरस्वती सदन के संयुक्त तत्वावधान में रात कालेज के भव्य पण्डाल में हुये अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में देश के जाने माने प्रख्यात कवियों ने देर रात तक श्रृंगार, हास्य–व्यंग, वीर रस तथा देश–प्रेम से ओत–प्रोत कविताओं से खूब तालियाँ बटोरी। मुख्य अतिथि के कालेज पहुँचने पर प्रबन्धक सुयश वाजपेयी एवं प्रधानाचार्य डॉ० अमित कुमार वर्मा स्काउट बैंड के साथ मंच तक जाये कवि सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार पूर्व जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह राठौर ने दीप प्रज्जवलित करके एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित करके किया। सदन मंत्री मनीष मिश्र ने कवियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पूर्व प्रबन्धक एवं भवन निर्माण समिति के मुख्य संयोजक अरुणेश वाजपेयी ने नवीन भवन निर्माण की प्रगति पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री राठौर ने कहा रफी अहमद कालेज का यह ऐसा एक मात्र वार्षिकोत्सव है, जो प्रतिवर्ष आयोजित हो रहा है। इसके लिये उन्होंने कालेज की प्रबंध

समिति की सराहना की। संचालन डॉ० देश दीपक शुक्ल ने किया।कवि सम्मेलन की शुरूआत नोएडा से पधारी कवयित्री पल्लवी त्रिपाठी ने माँ सरस्वती की वंदना से की ष्यदि शुरूआत में ही भज ले गणेश जी को सारे शुभ कार्य हो जाते हैंष इसी के साथ उन्होंने प्रणय गीत प्रस्तुत करते हुये कहा ष्जीवन के इस खेल में सपनों वाली रेल में यही गीत दोहराना है पर खूब तालियाँ बटोरी। दिल्ली से पधारे युवा हस्ताक्षर कुशल कुशवाहा ने वर्तमान में माता–पिता को वृद्धाआश्रम भेजने की मार्मिक रचना प्रस्तुत करते हुये कहा अंगुली पकड़कर जिसने चलना सिखाया बुढ़ापे में क्यों उसे कर दिया परायाष पर वाहवाही लूटी। मुम्बई से पधारे कवि कुमार मनोज ने कहा,ष बहुत जरूरी होता है सब कुछ प्यार नहीं होता ष्रचना प्रस्तुत की। बनारस से पधारी श्रृंगार रस की कवयित्री विभा शुक्ल ने वहा अगले जन्म में मिलने का वादा न कीजिए मैं पूर्णिमा का चाँद हूँ आधा न कीजिएष। इसी के साथ नोएडा से पधारे वीर रस के युवा हस्ताक्षर अमित शर्मा ने गीता का उल्लेख करते हुए रणभूमि में वीर मरे तो शव भी पूजा जाता है तालियाँ बजी। प्रख्यात कवि वेदवत वाजपेयी ने देशभक्ति पर वीर रस की कविता प्रस्तुत करते हुये कहा, भारत भी तेरे बेटों का हर संकट टल जायेगा. चक्रसुदर्शन पहली गाली देने पर चल जायेगा। प्रस्तुति पर देर तक तालियाँ बजती रही।

पूर्व डी० एम० एवं साहित्कार ए० के० सिंह राठौर ने कहा, दो पल के छोटे जीवन का व्रत चलते जाना हैष रचना प्रस्तुत की। युवा कवि मनुव्रत वाजपेयी ने कहा, जिन्दगी हो समर्पित वतन के लिये पर तालियाँ बजी। नवोदित कवि राघवेन्द्र मिश्र प्रणय ने कहर सागर से मिलने की खातिर नदियाँ होना पड़ता है। जयपुर से पधारे प्रख्यात कवि कमल मनोहर ने सफल संचालन करते हुये लव जेहाद पर कटाक्ष किया। आभार प्रदर्शन सरस्वती सदन मंत्री श्री मिश्र ने जताया।

## जिन घरों में रामायण का पाठ होता है उस घर के बच्चे बच्चियां फटी पैंट नहीं पहनते -संतोष भाई

हरदोई।युवा पीढ़ी को समाज व संस्कारों से जुड़े ने तथा टूट रहे परिवारों को आपस में प्रेम भाव से रहने के उद्देश्य से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के चरित्र को प्रभु श्रीराम चर्चा कार्यक्रम के तहत समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रख्यात श्रीमद्भागवत व श्री राम कथा के व्यास संतोष भाई ने प्रत्येक माह किसी न किसी मोहल्ले में बैठकर श्री रामचरितमानस के 5 दोहों को पढ़ने की परंपरा की शुरुआत श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल से की है। व्यासपीठ से बोलते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जिन घरों में रामायण का पाठ होता है उस घर के बेटी बेटियां फटी पैंट नहीं पहनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह इस प्रकार के आयोजन से समाज के लोग जागरूक होंगे। उन्होंने व्यास मंच से यह भी कहा कि आज लोगों में अपने परिवारों के प्रति सहनशीलता का अभाव हो गया है लोग छोटी–छोटी बातों पर अपने घरों में ऐसी गांठ बांध लेते हैं कि परिवार से दूरी बना लेते हैं,बात नहीं करते हैं , दुश्मनी का रिश्ता निभाने लगते हैं। इसको प्रभु श्रीराम चर्चा के माध्यम से दूर किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा व हे राजा राम तेरी आरती उतारु के साथ हुआ ।

# देश के प्रति समर्पित रहा है राजपूत: कृपाशंकर

जौनपुर। तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर हाल में . राजपूत सेवा समिति के तत्वावधान में द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। इस मौके पर देश विदेश में समाज को विभिन्न क्षेत्रों में गौरवान्वित करने वाले 14 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने सदा देश और समाज के लिए कुर्बानियां दी हैं तथा आज भी ये समाज देश के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि राजपूत सम्मान के लिए सभी को एक साथ जोड़कर चलना होगा। तभी भारत देश फिर से विश्व गुरु बनेगा। आप के ऊपर समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी है। शाहगंज विधायक रमेश सिंह इस तरह के सम्मेलन से समाज में एकजुटता आती है। एक दूसरे के साथ मिलकर प्रेम प्यार से आगे बढ़ने की सीख मिलती है। पूर्व विधायक हरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राजपूत सेवा समिति को सिर्फ जौनपुर तक ही नही सीमित करें बल्कि पूरे राष्ट्र में राजपूतों की पताका को फहराना है। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के साथ प्राचार्य आलोक सिंह ने देश. विदेश में राजपूत समाज का नाम गौरवान्वित करने वाले 14 विभूतियों को स्मृति चिन्हए प्रमाण. पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, वीरेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख महाराजगंज विनय सिंह, मुफ्तीगंज ब्लाक प्रमुख विनय कुमार सिंह, सिरकोनी ब्लाक प्रमुख बंशराज सिंह, रामपुर ब्लाक प्रमुख राहुल सिंह, पूर्व प्रमुख संजीव सिंह, पूर्व प्रमुख ओमप्रकाश सिंह, जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम, रत्नाकर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सूर्य कुमार सिंह मुन्ना, अरविंद सिंह, शशि सिंह, अजीत सिंह, करिया सिंह, केराकत पत्रकार संघ के अध्यक्ष अमित सिंह आदि मौजूद रहे।फोटो 01जेएनपी। राजपूत सेवा समिति द्वारा दिये गये सम्मान पत्र के साथ प्रतिभायें।

# साध्वी गरिमा ने सीता स्वयंवर का सुंदर प्रसंग सुनाया

सहारनपुर। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से सहारनपुर में श्री राम कथा अमृत आयोजन के चतुर्थ दिवस में साध्वी सुश्री गरिमा भारती ने सीता स्वयंवर प्रसंग को प्रस्तुत किया। प्रभु श्री राम जी ऋषि विश्वामित्र जी के संग वन प्रांत में जाकर आसुरी शक्तियों का समापन करते हैं। साध्वी जी ने बताया वास्तव में हमारा मन वन का प्रतीक है। ताड़का और सुबाहु मारीच इत्यादि असुर हमारे मन में उठने वाले काम ,क्रोध ,लोभ, मोह, अहंकार का प्रतीक है। जिस प्रकार से वन प्रांत में प्रभु श्रीराम के प्रकट होने पर आसुरी शक्तियों का अंत हुआ। अंधकार व अज्ञानता समाप्त हुए और शांति के साम्राज्य की स्थापना हुई ठीक वैसे ही हमारे अंतर्गत में जब तब श्रीराम का प्राकट्य होगा, तब इन विकारों के ऊपर अंकुश लग पाएगा। आवश्यकता है एक सतगुरु के शरणागत होकर अपने अंदर श्रीराम को प्रकट करने की। तदुपरांत प्रभु श्री राम जनकपुर में प्रस्थान करते हैं जहां प्रभु श्री राम भगवान शिव के धनुष को भंग कर मां सीता का वर्ण करते हैं करते हैं। प्रभु श्री राम व जानकी का विवाह मात्र एक मनोरंजन के लिए नहीं है। मां सीता आत्मा का प्रतीक है तो प्रभु श्रीराम परमात्मा का। विवाह प्रसंग हमें संदेश देता है कि यदि हम अपनी आत्मा रूपी कन्या का भगवान श्री राम रूपी वर के संग विवाह करना चाहते हैं हमें अपने जीवन में एक विचोलिया के रूप में सतगुरु की आवश्यकता है । गुरु के बिना इंसान ईश्वर का दर्शन प्राप्त नहीं कर सकता है । आज बहुत से लोग गुरु को तो अपने जीवन में धारण करते हैं परंतु धर्म ग्रंथों की इस कसौटी के आधार पर नहीं, जो समय का सच्चा संत सतगुरु हुआ करता है वो हमारे घट में ईश्वर का साक्षात्कार करवाता है। हम संत के चेहरे का नूर, उसके पीछे लगे लोगों की भीड़, मधुर वाणी में धर्म ग्रंथों के ज्ञान से एक सतगुरु की पहचान करते हैं। लेकिन हमारे शास्त्र धर्म ग्रंथ कहते हैं फूटी आंख विवेक की जाने ना संत असंत आज हमारे पास वह विवेक की आंख नहीं है जिससे हम एक सच्चे संत की पहचान कर पाए। और उसके शरणागत होकर ईश्वर अनुभूति का साक्षात्कार कर अपने जीवन को सार्थक कर पाए। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक परम पूजनीय वंदनीय सर्व श्री आशुतोष महाराज जी उस सनातन पुरातन ब्रह्म ज्ञान को देकर करके ईश्वर दर्शन की अनुभूति करवाने का सामर्थ्य रखते हैं । दिव्य ज्योति जागृति संस्थान समस्त प्रभु प्रेमी भक्तों का ईश्वर दर्शन के लिए आवाहन करता है। इस संदेश के साथ अंत में हरिता भारती, सद्दया भारती, योगिनी भारती, साध्वी निवृत्ति भारती, मनु भारती, व महात्मा हरीश, महात्मा अमृत जी ने प्रभु की पावन आरती का सुंदर गायन करते हुए कथा प्रसंग को विराम दिया।

## सम्मानित होने वाली प्रतिभायें और क्षेत्र

जौनपुर। राजपूत सेवा समिति के तत्वावधान में शौर्य के क्षेत्र में केराकत तहसील के भौरा गांव निवासी बलिदानी संजय कुमार सिंह के पिता श्याम नारायण सिंह, समाज सेवा के क्षेत्र में शेरवां गांव निवासी प्रशासनिक अधिकारी अजीत प्रताप सिंहए शिक्षा के क्षेत्र में राज्य पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त शिक्षक बदलापुर खुर्द गांव निवासी सत्यदेव सिंह विधिवेत्ता के क्षेत्र में वासुदेव सिंह, चिकित्सा के क्षेत्र में प्राख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ केजीएमयू के पूर्व कुलपति ओपी सिंह, व्यवसाय के क्षेत्र में राजकुमार सिंह, प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में अहमदपुर गांव निवासी संजय कुमार सिंह, विज्ञान के क्षेत्र में चांदी गहना निवासी अशोक कुमार सिंह, नारी शशक्तिकरण के क्षेत्र में समाजसेविका सुनीता सिंह, प्रशासनिक अधिकारी के क्षेत्र में ओईपीएस विशाल विक्रम सिंह, पत्रकारिता के क्षेत्र में राजकुमार सिंह, खेलकूद के क्षेत्र में राजेपुर गांव निवासी समर बहादुर सिंह, लोककला के क्षेत्र में प्राख्यात भोजपुरी गायक रविन्द्र सिंह ज्योति व कृषि के क्षेत्र में खेतासराय खुदौली ग्राम निवासी राजकेशर सिंह को स्मृति चिन्हए प्रमाण. पत्र व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। ओम प्रकाश सिंह ने समिति के गठन पर जानकारी दी। अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य राधेश्याम सिंह, संचालन मनीष सिंह सोमवंशी व आभार दिनेश सिंह बब्बू ने जताया।

## 22 दिन बाद रविन्द्र पाठक का सुराग नहीं:अन्ना

जौनपुर। समाजसेवी जज सिंह अन्ना ने ..................... को कटवार बाजार तिराहे पर सभा की जहां भारी संख्या में फोर्स तैनात थी । उन्होने कहा कि अपहरण किए गए रविंद्र नाथ पाठक जो 29 अक्टूबर की रात 2 बजे अपहरण हुए थे आज 22 दिन हो गए उनका सुराग नहीं लगा है क्षेत्रवासी और समस्त नेता असंतुष्ट हैं और चाहते हैं कि थानाध्यक्ष बरसठी से यह मामला जांच का छीन करके टास्कफोर्स या तेज थानाध्यक्ष को दिया जाए और शीघ्र ही जिंदा रविंद्र नाथ पाठक को उनके परिजनों को सुपुर्द किया जाए अन्यथा जनता कह रही है जिलाधिकारी कार्यालय में जज सिंह अन्ना के साथ आमरण अनशन करूंगा । उन्होने बताया घर रात में 4 पुलिस 3 घंटे बैठी थी और सुबह दो पुलिस बैठी थी थानाध्यक्ष बरसठी का संदेश लेकर के कि आप कहीं भी प्रदर्शन या मीटिंग नहीं कर सकते धारा 144 लगी है जबकि क्षेत्रवासी और समस्त नेता थाना बरसठी की जांच प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं है। क्षेत्रवासी चाहते हैं जनपद के समस्त नेता आवाज उठा दे और समस्त पत्रकार आवाज उठा दे और मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री तक यह बात पहुंचे कि आखिर पुलिस प्रशासन के पास कौन सी प्रक्रिया की कमी आ गई कि वह अभी तक निष्कर्ष पर नहीं पहुंची।

# बिचौलियों को हटाकर सीधा लाभ पात्र व्यक्ति को मिले

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत जौनपुर में विधानसभा सदर के ग्राम पंचायत गंनघनुआ में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बस्ती–बस्ती जाकर प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अनुसूचित समाज के लोगों को बताया और उनको आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सरकारी कर्मचारियों द्वारा आप लोगों तक पहुंचाया जाएगा बीच में बिचौलियों को हटाते हुए सीधा लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना भारतीय जनता पार्टी व सरकार की मुहिम है जिसमें किसी भी प्रकार से कोई भी अपात्र व्यक्ति नहीं छूट पाए। जिसको लेकर सरकारी विभाग कर्मचारियों को भी कड़े आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बताया कि जिले के अति सुदूर क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार व जागरूकता अभियान करना अति आवश्यक है जिससे कि सरकार की मंशा के अनुसार सारी योजनाओं का लाभ हर समुदाय सहित अनुसूचित समुदाय के लोगों तक पहुंचाया जा सके जिसके तहत कोई भी परिवार पात्र छूट ना जाये। उन्होंने सोनकर बस्ती में सहभोज कार्यक्रम में शिरकत कर खिचड़ी खाई। अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सरोज ने कहा कि सारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए इसके लिये सरकार कटिबद्ध है वहीं मौजूद ग्रामीणों के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर ग्रामीणों में पंपलेट वितरित किया गया जिससे की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले।

## घर आनंद भयो जै कन्हैयालाल की झांकी ने लुभाया

जौनपुर । सदभावना पुल के पास गोल्डपैलेस कीर्त कुंज ज्वेलर्स के बगल मे चल रही भागवत कथा में डा0 सलिल जी महराज का नंद के घर आनंद भयो जै कन्हैयालाल की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। जिसका प्रसारण संस्कार चौनल पर भी किया जा रहा है यह कथा नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के सहयोगार्थ की जा रही है । नारायण सेवा संस्थान उदयपुर भारत मे ही नही बल्कि सारे विश्व मे दिव्यान्गो की सेवा के लिए जाना जाता है ।संस्थान दिव्यान्गो के लिए कृत्रिम अंग प्रदान करने , शल्य क्रिया,शिक्षा देना , निराश्रित को भोजन सामाग्री देना, विभिन्न प्रशिक्षण देना , दवाई व हेल्थ शिविर ,सिलाई मशीन ,कम्प्यूटर प्रशिक्षण मोबाइल रिपेयरिंग, सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करना, जरूरत मंदो की सहायता व सामाग्री वितरण जैसे पुनीत कार्यो से उन्हे समाज मे सम्मान दिलाना, आत्म निर्भर बनाने का प्रयास कर रहा है जिसका लाभ पाच लाख से अधिक लोगो ने उठाया ।ऐसे कार्य मे सभी की मदद मिले संस्थान को दान भी देकर रसीद प्राप्त कर लेना चाहिए जिसका लाभ आयकर छूट मे भी मिलता है ।इस अवसर पर मनीष कुमार वर्मा जिलाधिकारी दीप प्रज्जवलन जितेन्द्र उपाध्याय (बार असोसिएशन के अध्यक्ष) संदीप वर्मा , नव दीप वर्मा ,प्रबंधक राजीव सिंह , पूर्व प्रधानाचार्य डा, प्रमोद कुमार सिंह, राकेश सिंह शिक्षक सेवानिवृत्त मुम्बई, कार्यक्रम आयोजक नन्हे लाल वर्मा ,सनी वर्मा ,प्रियम वर्मा, सहित कई गणमान्य ,व्यवसायी सुरेश गुप्ता के साथ, जिला प्रशासन,शिक्षा जगत, समाजसेवी, व्यापारी ,धर्म प्रेमी उपस्थित हुए जिनको महराज जी के हाथो धार्मिक उपहार, गंथ ,गले पट्टी व शाल देकर सम्मानित किया गया ।

## मतदाता पंजीकरण को विशेष अभियान दिवस

जौनपुर। विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूची में नाम बढ़वाने तथा संशोधन इत्यादि के लिए ग्राम प्रधान श्रीमती सरोज सिंह की उपस्थिति में विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों के सामने मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया और लोगों से अपील की गई कि अगर किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो शामिल करा लें।नव विवाहित दुल्हनों तथा ऐसे लोग जो 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हों वह भी प्रारुप 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा लें । उन्होंने बताया कि गांव के दोनों बूथों की भाग संख्या जो पिछले विधानसभा चुनाव में 122 और 123 थी वह अब परिवर्तित होकर क्रमशः 109 और 110 हो गई है।भाग संख्या 109 बी एल ओ मीरा सिंह ने बताया उन्हें नाम बढ़वाने के लिए कुल 11 तथा नाम संशोधन के लिए 1 आवेदन प्राप्त हुआ है तथा भाग संख्या 110 की बी एल ओ सुमन सिंह ने बताया कि उन्हें नाम बढ़वाने के लिए कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए हैं। निर्वाचक नामावली में काफी संख्या में नामों को आधार से जोड़ा जा चुका है। ज्ञात हो कि इस समय 09 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक पूरे जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है जिसमें 12 नवंबर, 20 नवम्बर ,26 नवंबर तथा 4 दिसंबर को प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस आयोजित जा रहा है। फोटो 03जेएनपी। मछलीषहर के बामी गांव में मतदाता पंजीकरण अभियान में मौजूद ग्रामीण।

## स्वच्छता दौड़ का आयोजन

जौनपुरं । विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर विकास खण्ड सिकरारा के बैजनाथ यादव इन्टर कालेज जमालपुर मदारपुर के प्रागंण मे स्वच्छता रन, एक दौड़ सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए आयोजित किया गया, इस अवसर पर व्लाक प्रमुख सिकरारा के प्रतिनिधि विजय सिंह ने जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अनुप सिंह व सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकीय सिकरारा श्रीमती श्वेता शर्मा ने सयुंक्त रूप से सभी लोगो को स्वच्छता शपथ दिलाये, इस अवसर पर स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि ग्राम पंचायतो मे 81 सामूदायिक शौचालय निर्माण कार्य करा दिया गया है, व्यक्तिगत शौचालय के लिए सभी पात्र लाभार्थी आनलाइन करा दे, अनुप सिंह द्वारा बताया गया कि सभी ग्राम पंचायत को खुले मे शौच मुक्त घोषित करते हुए ओडीएफ प्लस की तरफ चल रहे है, अब ग्राम पंचायतो को पुरी तरह से स्वच्छ रखने के लिए ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन की उचित व्यवस्था किया जा रहा है । सफाई कर्मचारी सघं के पदाधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ,द्वारा स्वच्छता गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथि गण का स्वागत बिद्यालय के अध्यक्ष कृष्ण मोहन यादव व राजेश यादव द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। सन्चालन सहायक विकास अधिकारी पन्चायत सिकरारा डा0 रामकृष्ण यादव द्वारा किया गया।

## डॉक्टर सृष्टि पटेल का सम्मान किया

जौनपुर। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की जिला इकाई द्वारा बेलवार, विकास खण्ड सुजानगंज, तहसील मछली शहर, निवासी मोटर वाहन चालक फागुलाल पटेल की पुत्री डॉक्टर सृष्टि पटेल के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर के पद पर चयन होने पर उनके पैतृक आवास पर एक सादे सम्मान समारोह में उनको तथा उनके माता–पिता को मोमेंटो, साल और अन्य सामान देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीपक पटेल, संरक्षक छोटेलाल पटेल उपाध्यक्ष शेष नारायण पटेल मास्टर दूधनाथ मास्टर राम सुधाकर पटेल राम लाल वर्मा जिला सचिव फूलचंद पटेल हृदय नारायण पटेल राम तवंकल् सहित तमाम लोगों ने बिटिया के सफलता हेतु बधाइयां दिया । डॉ0 पटेल अपने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कितने समस्याओं का सामना किया । उन्होंने बताया कि एक ड्राइवर की बेटी होने के नाते शिक्षण सत्र में धन का अभाव फिर दुर्घटना ने दोनों पैरों का खराब होना इसके बावजूद भी हमने हिम्मत नहीं हारी और एमबीबीएस क्वालीफाई किया पुनः यूपीएससी के द्वारा 70000 डॉक्टरों में से 1300 पास हुए जिसमे इनकी रैंकिंग 122 रही। बिटिया के उक्त पद पर चयन होने से माता पिता, क्षेत्रीय जनता, कुर्मी समाज व जिले का नाम रोशन करने के लिए महासभा ने उनको धन्यवाद दिया। उक्त अवसर पर ग्राम सभा के लोग भी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड चलता रहेगा शिव लाल पटेल ने किया संचालन जिला महामंत्री शरद पटेल ने किया ।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में पचरुखी की टीम बनी विजेता

फरेंदा। सहकारिता सप्ताह के तहत ग्राम छितही बुजुर्ग में ग्रामीण खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में पचरुखी ने प्रथम व छितही बुजुर्ग ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बेचन निषाद ने शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृभको के क्षेत्रीय अधिकारी अखंड चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में खेल का बड़ा महत्व है। खेल के माध्यम से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि किसानों को खेती में अधिक आय हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। फरेंदा केंद्र प्रभारी आरएन सिंह ने कहा कि इस समय सहकारिता के माध्यम से किसानों की मदद की जा रही है। कृभको की तरफ से विजेता को ट्रॉफी व वॉलीबाल किट व उपविजेता को ट्राफी के साथ तरल जैव उर्वरक दी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान सीपी सिंह, रामवचन सहानी, रामू यादव, श्याम त्रिपाठी, रोहित सिंह, विमलेश यादव, पल्लर सहानी, जुगानी आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर

महराजगंज। प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्पित है। गंभीरता पूर्वक स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को दूर कर व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी है। ये बातें बतौर मुख्य अतिथि पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने . कलेक्ट्रेट सभागार में दस स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र देते हुए कहीं। विधायक ने कहा कि तैनाती पाने वाली सभी स्टाफ नर्स पूरी तत्परता से कार्यों को करें तथा स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने में भागीदार बनें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीना वर्मा ने कहा कि स्टाफ नर्सों की तैनाती से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता और बेहतर होगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जिन दस स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र मिला है, उसमें से छह जिला अस्पताल में तैनात होंगी। वहीं दो को संतकबीर नगर जिले में तथा एक–एक को कुशीनगर व सिद्धार्थनगर जिले में तैनात किया जाएगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज सिंह, सत्येंद्र सिंह समेत अन्य कर्मी व स्टाफ नर्स मौजूद रहीं।

## जैसे–तैसे भरे जा रहे गड्ढे, बचाया जा रहा तारकोल

देवरिया। जिले में 40 किलो तारकोल बचाने के खेल में गड्ढा मुक्ति अभियान फेल हो रहा है। शहर में ही जैसे–तैसे गड्ढों का भरा जा रहा है। कई सड़कों पर गिट्टी और थोड़ा सा तारकोल डालकर काम किया जा रहा है। इसके चलते सड़कें उखड़ जा रहीं हैं। इतना ही नहीं रेलवे स्टेशन के पुराने माल गोदाम के मलबे से भी गड्ढा भरकर काम चलाया जा रहा है। गड्ढों में उखड़ीं गिट्टियां राहगीरों का दर्द बढ़ा रहीं हैं। जिले की सड़कों को तीस नवंबर तक गड्ढा मुक्त करने का आदेश शासन ने दिया है। इसके कारण लोक निर्माण विभाग दावा कर रहा है कि शहर से लगायत देहात तक के इलाकों की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का काम किया जा रहा है। हकीकत तो यह कि पैचवर्क के दौरान मानकों की अनदेखी की जा रही है। मिट्टी और गिट्टी पाट कर शहर में सड़कों को लोक निर्माण गड्ढा मुक्त कर रहा है। कचहरी रोड से महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तक कई जगहों पर गड्ढा है, जिसमें गिट्टी डाल दी गई है। साकेत नगर और खरजरवा मार्ग पर कई जगहों पर मिट्टी और गिट्टी से भरा गया है। इन जगहों पर हाल यह है कि गड्ढा फिर से हो गया है। दूसरी सबसे गंभीर बात तो यह है कि पैचवर्क के लिए तारकोल का उपयोग करने में कंजूसी की जा रही है। एक ड्रम में करीब 225 किलो तारकोल होता लेकिन तकरीबन 40 किलो तारकोल ड्रम में कम मिल रहा है। इसके कारण सड़क निर्माण में तारकोल का उपयोग उसी हिसाब से किया जा रहा है। इसका असर यह हो रहा है कि पैचवर्क के कुछ दिनों बाद ही सड़कें उखड़ने लग रहीं हैं।

## सड़क ठीक कराने के लिए किया प्रदर्शन

लार। चार वर्ष पूर्व बीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बना नवलपुर से लार बाईपास मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गया है। रास्ते से होकर गुजरने वाले राहगीर रोज गिर कर घायल हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। इससे नाराज नगर के युवाओं ने घारी वार्ड के सामने सड़क पर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ घंटों प्रदर्शन किया। साथ ही एक सप्ताह के भीतर सड़क को ठीक कराने की मांग की। लोक निर्माण विभाग द्वारा नवलपुर से लार हाइडिल तिराहा तक सड़क का निर्माण चार वर्ष पूर्व कराया गया था। सड़क बनने के कुछ माह बाद ही टूटने लगी। शिकायत पर विभाग ने आनन–फानन मरम्मत करा खानापूर्ति कर दी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद सड़क की गिट्टियां पुनरू जगह–जगह उखड़ गईं। वहीं, घारी वार्ड और गयागिर वार्ड के सामने बाईपास मार्ग पर बारिश का पानी लगने से सड़क पूरी तरह टूट गई थी। विभाग द्वारा घारी वार्ड के सामने से गयागिर वार्ड के सामने तक सड़क पर आरसीसी कराकर छोड़ दिया गया है। इसमें दरारें हो गई हैं। रास्ते से होकर गुजरने वाले बाइक सवार आरसीसी के कोर पर फिसल कर गिर रहे हैं। वहीं, सहजौर के समीप पैचिंग की जा रही सड़क की गिट्टियां उखड़ रही है। इसको लेकर नगर के युवाओं ने साहू विशाल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में लार बाईपास मार्ग के सामने पहुंच लोक निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर सड़क को ठीक कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के अंदर मार्ग को ठीक नहीं कराया गया तो धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में वसीम अहमद, जीनू लारी, शाहिद लारी, भीष्म प्रताप सिंह, इमरान लारी, रिजवान लारी, विवेक कुशवाहा, अखिलेश यादव, विनय रजक आदि मौजूद रहे।

# नेपाल चुनाव : रूपनदेही में 66 व नवलपरासी में 46 फीसदी मतदान

महराजगंज। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में .हुए प्रतिनिधि सभा व प्रांतीय विधानसभा के सदस्यों के लिए मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। रूपनदेही में जहां 66 फीसदी मतदान हुआ वहीं, नवलपरासी में 46 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक कहीं मतपेटी तोड़ने की घटना हुई तो कहीं उपद्रवियों ने माहौल को अशांत करने का प्रयास किया। मतदान के दौरान देश भर के कुछ मतदान केंद्रों पर झड़पें हुईं। मतदान के दौरान 25 जगहों पर फायरिंग हुई जिससे 42 लोग घायल हो गए।

जिला निर्वाचन कार्यालय रूपनदेही के प्रमुख अयोध्या भंडारी ने बताया कि 66 प्रतिशत मतदान हो चुका है और अंतिम विवरण एक घंटे के भीतर उपलब्ध होगा। नवलपरासी जिले में 46 फीसदी मतदान हो चुका है। मतगणना के लिए चुनाव आयोग ने मतदान केंद्र पर जरूरत के मुताबिक इंतजाम किया है।

59 कैदियों ने किया मतदानः नेपाल रूपनदेही भैरहवा जिला कारागार के 59 बंदियों ने मतदान किया। 455 बंदियों में से 59 बंदियों ने मतदान किया है। मतदान अधिकारी गंगा प्रसाद अधिकारी ने बताया कि जेल में मतदान के लिए व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में शामिल बंदियों को वोट डालने का मौका दिया गया।

गृहमंत्री बालकृष्ण खाड़ ने किया मतदानः गृहमंत्री बालकृष्ण खाड़ ने सुबह भैरहवा में मतदान किया। उन्होंने कहा कि देशभर में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हुआ। मतदान में मतदाताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी हो रही है। सीपीएन–यूएमएल के उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद पौडेल ने सुबह 10रू30 बजे मतदान किया।

माकपा के कार्यकर्ता गिरफ्तारः नेपाल पुलिस ने चुनाव विरोधी गतिविधियों के लिए काठमांडू के मैतीघर से सीपीएन बहुसंख्यक माकपा के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। दोपहर जब देश भर में मतदान चल रहा था, तब माकपा बहुमत के कुछ कार्यकर्ताओं ने चुनाव बहिष्कार की मांग को लेकर मैतीघर में प्रदर्शन करने की कोशिश की।

बैलेट बॉक्स जलाने के बाद चितवन में हवाई फायरिंगः नेत्र विक्रम चंद बिप्लव के नेतृत्व में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने चितवन में मतपेटियों को जलाने के बाद उपद्रवियों को हटाने के लिए पुलिस ने हवा में गोलियां चलाईं। चितवन विधानसभा क्षेत्र नंबर एक में बिप्लव गुट द्वारा मतपेटी जलाने के बाद पुलिस ने हवा में फायरिंग की। .सुबह करीब दस बजे राप्ती नगर पालिका–8 स्थित ब्रह्मस्थान नेशनल बेसिक स्कूल के बी मतदान केंद्र पर बिप्लवा के नेतृत्व वाले सीपीएन कार्यकर्ताओं ने मतपेटियों में आग लगा दी। चितवन के डीएसपी सूदन आचार्य ने बताया कि 'बी' मतदान केंद्र की चार मतपेटियों में से एक को जला दिया। मतपत्र नहीं जला है। करीब 45 मिनट तक रुका मतदान फिर से शुरू हो गया।

देवचुली में मतपेटिका में आगजनीः सोनौली। नवलपरासी पूर्व के देवचूली नगर पालिका–4 झंकरे के एक मतदान केंद्र में एक युवक द्वारा मतपेटी में आग लगा दी गई। पुलिस ने आगजनी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मुख्य जिला अधिकारी सुमन घिमिरे ने बताया कि पुलिस ने आरोपी नारायण भंडारी को गिरफ्तार किया है।

## मेडिकल कॉलेज में आईसीयू नहीं, गंभीर मरीजों का नहीं हो रहा इलाज

### मेडिकल कॉलेज शुरू होने के सत्रह माह बाद भी नहीं बनी आईसीयू, रेफर कर दिए जा रहे मरीज

देवरिया। मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई तथा इलाज शुरू हुए सत्रह माह बीतने होने को है लेकिन यहां अब तक आईसीयू स्थापित नहीं हो सकी है। ऐसे में गंभीर मरीजों का उपचार नहीं हो पा रहा है। संसाधन की कमी के कारण उन्हें रेफर कर दिया जा रहा है। इससे तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद लोगों को लगा कि यहां उन्हें समुचित इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्हें उपचार के लिए महानगरों तथा प्राइवेट अस्पताल में नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन डेढ़ साल से अधिक का समय बीत गया और अब तक आईसीयू नहीं बन सकी है। अस्पताल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों तथा बिहार के सीमावर्ती गांवों के करीब ढाई हजार से अधिक लोग इलाज कराने आते हैं। यहां मरीजों को भर्ती कर इलाज होता है। हालत गंभीर होने पर संसाधन की कमी आड़े आ रही है और चिकित्सक मजबूरी में रेफर कर देते हैं।

वार्ड में भर्ती तकरीबन पांच लोगों को हायर सेंटर भेजा जाता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर कुछ लोग मरीजों को समय से इलाज नहीं मिल पाता है तो कुछ अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं। वहीं, इमरजेंसी में दुर्घटना में घायल, सांस, हार्ट सहित अन्य बीमारियों के गंभीर मरीज आते हैं। अस्पताल में आईसीयू होने के कारण हर रोज औसतन दस से अधिक मरीजों को केवल प्राथमिक उपचार ही मिल पाता है। उन्हें रेफर करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज में न्यूरो, पैरलासिस, दुर्घटना के शिकार, सांस, अस्थमा के अतिरिक्त जिन मरीजों की हालत गंभीर होती है। उन्हें आईसीयू की जरूरत होती लेकिन इन मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है।

पहले थी आईसीयू की सुविधा
मेडिकल कॉलेज से पहले जिला अस्पताल में आईसीयू की सुविधा थी। हृदय रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक गंभीर मरीजों का इलाज करते थे। लेकिन मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण के समय वर्ष 2019 में आईसीयू को ध्वस्त कर दिया गया। उसके बाद अब तक स्थापित नहीं की जा सकी है।

आईसीयू में होनी चाहिए ये सुविधाएंः देवरिया। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए आईसीयू की आवश्यकता है। इसमें जीवन रक्षक प्रणाली, वेंटीलेटर, हाईफ्लो ऑक्सीजन, डीफाइब्रिलेटर, इंफ्यूजन पंप, ऑक्सीजन कसेंट्रेटर, मॉनीटर, ईसीजी, ग्लूको मीटर, बाइपैप, प्रोटेबल एक्स–रे, सेक्सन मशीन, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, अत्याधुनिक बेड सहित अन्य उपकरण होने चाहिए। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सक, दक्ष स्टाफ नर्स, एनेथेस्टिस्ट, ईसीजी, वेंटिलेटर एक्स–रे टेक्नीशियन, वार्ड ब्वॉय, स्वीपर की तैनाती होनी चाहिए।

## डेढ़ वर्ष बाद भी नहीं बन सका मईल–भागलपुर मार्ग

मईल। भागलपुर–मईल मार्ग का कार्य डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी नहीं बन सका है। इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना पड़ रहा है। गिट्टी बिखरने व धूल उड़ने से आएदिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। तीन माह पहले विभाग द्वारा कार्य शुरू किया गया था। इसमें मात्र 800 मीटर सीसी सड़क का निर्माण हुआ है। वह भी इस समय बंद पड़ा हुआ है। मईल–भागलपुर सड़क निर्माण व सुंदरीकरण के लिए शासन द्वारा दो साल पहले 10.5 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसकी लंबाई पांच किमी और चौड़ाई 5.5 मीटर बननी है। इससे मईल चौराहा, नरियांव व देवसिया में 1200 मीटर सीसी सड़क व पानी निकासी के लिए नाली निर्माण होना है। सड़क निर्माण के लिए डेढ़ साल पहले मिट्टी व गिटी डालने का कार्य शुरू हुआ। उसके बाद कार्य बंद कर दिया गया। किसी तरह जिलाधिकारी के पहल पर विभाग द्वारा तीन माह पहले सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इसमें मईल चौराहा व नरियांव में मात्र 800 मीटर सीसी सड़क बन सकी है। इस समय कार्य बंद है। यह सड़क बलिया जनपद को जोड़ती है। जबकि श्मशान घाट, पीएचसी, ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है। सड़क नहीं बनने से पांच किलोमीटर की दूरी के लिए 12 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है। विभागीय उदासीनता के कारण सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इससे आने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। पूर्व विधायक स्वामीनाथ भाई, अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, सपा के वीरेंद्र चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, बलराम सिंह दादा, शिवशंकर जायसवाल, शंभू जायसवाल, संतोष चौधरी आदि ने जल्द से जल्द सड़क का कार्य पूरा कराने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि शासन की ओर से समयसीमा के भीतर सड़कों को गड्ढा मुक्त करा लेने के निर्देश मिले हैं। इस पर कार्य कराया जा रहा है।

## महिला अस्पताल में स्थानांतरित होगा एसएनसीयू वार्ड

महराजगंज। जिला अस्पताल में नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) को जल्द ही महिला अस्पताल में ऊपरी तल पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इससे तीमारदारों को सुविधा होगी। वहीं, जिला अस्पताल में संक्रामक रोग वार्ड का बेड बढ़ जाएगा, जिससे अधिक मरीज भर्ती किए जा सकेंगे। जिला अस्पताल में नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इसमें सात माह में 2,309 शिशुओं को जीवनदान मिल चुका है। एसएनसीयू वार्ड 26 बेड का है। इसमें बीमार नवजात शिशुओं को भर्ती किया जाता है। डॉक्टरों के अनुसार एसएनसीयू वार्ड में 0–28 दिन के वह नवजात भर्ती किए जाते हैं, जो बीमार होते हैं। एसएनसीयू में नवजात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और निजी अस्पतालों से रेफर होकर आते हैं। कुछ नवजात समुदाय से भी सीधे भर्ती कराए जाते हैं। कुछ नवजात जिला अस्पताल के प्रसव कक्ष से भी रेफर किए जाते हैं, जो पैदा होने के बाद रोते नहीं हैं या जो समय से पहले पैदा हो जाते हैं। जो नवजात बुखार, खांसी व निमोनिया से ग्रसित होते हैं और जिनको झटका आता है, ऐसे बच्चे भी यहां रेफर होकर आते हैं। एसएनसीयू वार्ड पर एक नजर – वार्ड में कुल उपलब्ध बेड–26 – कुल भर्ती हुए नवजात–2809 – कुल स्वस्थ हुए नवजात–2305 – कुल उच्च सेंटर पर रेफर–238

फालोअप दो स्तर से किया जाता हैः एसएनसीयू वार्ड से डिस्चार्ज होने वाले नवजात का उचित फालोअप दो स्तर से किया जाता है। पहला कम्युनिटी फालोअप, दूसरा फैसिलिटी फालोअप। कम्युनिटी फालोअप के दौरान आशा कार्यकर्ता गृह आधारित देखभाल कार्यक्रम के तहत निर्धारित तिथियों पर नवजात शिशुओं का देखभाल करती हैं। फैसिलिटी फालोअप के दौरान जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड से आठ दिन, एक माह तथा तीन माह में फालोअप किया जाता है। मुख्य लाइन से महिला अस्पताल को जोड़ने की तैयारीः सीएमएस डॉ. एके द्विवेदी ने बताया कि महिला अस्पताल को मुख्य लाइन से जोड़ने के लिए विद्युत निगम के उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया गया है। जैसे जिला अस्पताल की मुख्य लाइन है, उसी तरह से महिला अस्पताल में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए मुख्य लाइन की व्यवस्था कराई जा रही है। महिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड को शिफ्ट किया जाएगा। जरूरी कार्यों को शुरू करा दिया गया है। यह वार्ड महिला अस्पताल में होने के बाद जच्चा–बच्चा एक ही भवन में रहेंगे। तीमारदारों को देखभाल में सहूलियत होगी।

## सत्याग्रहियों ने किया राष्ट्रीय अधिवेशन के कोर कमेटी की बैठक

### डॉ. रहमत अली एवं अखिल सिंह मनोनीत हुए संरक्षक

गोरखपुर। सत्याग्रह संकल्प के 488 वें दिन सायं 5:00 बजे गोरखपुर के तारामंडल स्थित एक स्थानीय संस्थापक महासचिव शैलेंद्र कुमार मिश्र ने संरक्षक मनोनीत किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय संयोजक गिरिजेश



रेस्टोरेंट्स में तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन राष्ट्रीय अधिवेशन के कोर कमेटी की बैठक की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि, अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि के नाम पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। जहां उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन करते हुए मानवाधिकारों के जनजागरूकता का ऐतिहासिक उद्देश्य संगठन द्वारा स्थापित किया जाएगा।

उक्त के क्रम में संगठन के संरक्षक पर्यावरणविद प्रो. गोविंद पांडे (मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज) के द्वारा पूर्वांचल के प्रतिष्ठित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रहमत अली एवं शिक्षा जगत से प्रबंधक अखिल प्रताप सिंह को संरक्षक मंडल में नामित करने के प्रस्ताव पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के सर्वसम्मति से निर्णय पर संगठन के शुक्ला एडवोकेट एवं प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पांडे ने माल्यार्पण करते हुए संरक्षक मनोनीत किए जाने पर बधाई दी।

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक डॉ.जेपी नायक (उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ), प्रदेश संयोजक डीएन सिंह, वरिष्ठ प्रदेश संगठन मंत्री योगेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट मंत्री जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन, प्रदेश संगठन मंत्री आर. के श्रीवास्तव इत्यादि गणमान्य उपस्थित थे जिन्होंने संयुक्त रूप से संकल्प लिया है कि प्रदेश के समस्त जनपदों के साथ– साथ अन्य राज्यों से आमंत्रित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर उनके सहयोग से मानवाधिकारों की जागरूकता के दिशा में गोरखपुर के भूमि पर आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन का अविस्वर्णीय मिशाल प्रस्तुत किया जाएगा जो मानवाधिकार जागरूकता के दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## राजू सिंह सदैव जनता के साथ,विकास ही मेरा मुद्दा



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजू सिंह ने प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के तहसील परिसर में आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सरकार के विभिन्न योजनाओं के पात्रों को एमएलसी सीपी चंद के हाथों प्रमाण पत्र वितरण की किया गया। इस अवसर पर राजू सिंह ने कहा कि मेरे द्वारा जिला मुख्यालय पर निरंतर सरकार की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में ले जाकर पहुंचाया जा रहा है तथा निस्वार्थ भाव से 3 वर्षों से लगातार काम कर रहा हूं आज जनता मुझे पसंद करने लगी है तो कुछ लोग अटैची में भर भर के नोट लोगों को दिखा रहे हैं लेकिन जनता ही मेरा वोट है और जनता ही मेरी अटैची,इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में जहां पात्र उपस्थित रहे तो वहीं हजारों समर्थक राजू सिंह के लिए पूरे कार्यक्रम के दौरान बैठे नजर आए। आपको बता दें कि राजू सिंह लगातार कई वर्षों से प्रधान रहे हैं साथ ही सदर सीट से ब्लॉक प्रमुख भी रह चुके हैं इस बार वह नगर पालिका अध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में अपना प्रचार प्रसार जारी किए हुए हैं।

# ट्रक और पिकप की टक्कर में आधा दर्जन लोग हुए घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली बाराबंकी। सोमवार की भोर मसौली थाना मुख्यालय से चंद कदमो की दूरी पर डीसीएम एव पिकप की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर से दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए दोनों वाहनों को पुलिस ने जेसीबी से हटवा कर हाईवे को साफ कराया दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये जिन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हालात नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।कैटर्स का सामान लादकर लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम नम्बर यूपी 41 टी 3205 की टिम्बर के समान से लदी पिकप नम्बर यूपी 32 एन एन 6398 की आमने सामने उस समय जोरदार टक्कर हो गयी थाने से चंद कदमो की दूरी पर तेज धमाके की आवाज सुनकर दौड़े पुलिस कर्मियों ने आनन फानन में दोनों वाहनों में फंसे घायलों को निकाल कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया बीच हाइवे पर हुई दुर्घटना से दोनों वाहन एव हाइवे पर कैटर्स एव टिम्बर का सामान पूरी तरह से बिखर गया जिससे काफी देर तक हाइवे पर आवागमन बाधित हो गया पुलिस कर्मियों ने जेसीबी से सामान एव वाहनो की हटवाकर हाईवे को साफ कराया। दुर्घटना में डीसीएम चालक सलमान व खलासी इरफान पुत्र मुबारक, आरिफ , शरीफ पुत्रगण काबुल, इस्लाम, मोनू पुत्र तुलसीराम, सूरज निवासी नवातला थाना हल्दी जनपद बहराईच व पिकप चालक भोंदू निवासी मरौचा गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनकी हालात गम्भीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।



# 900 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब कीमती 70 लाख बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विगत कई दिनों से आसूचना प्राप्त हो रही थी कि सीमावर्ती प्रान्त बिहार में शराब बन्दी के कारण अवैध रुप से भारी मात्रा में शराब तस्करी बिहार प्रान्त में की जा रही है। इस सूचना पर अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा अपराध शाखा को विशिष्ट निर्देश दिये गये । इसी क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में स्वाटध्एसओजीध्सर्विलांस टीम तथा थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी। इस टीम द्वारा अथक लगन व परिश्रम से अपना आसूचना संजाल तैयार किया गया तथा आज दिनांक–21.11.2022 को इस टीम को सूचना मिली कि तस्करों द्वारा एक ट्रक एचआर 46 ओ 8723 (फर्जी नम्बर) से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बिहार के लिए ले आये है जिसे वह ग्राहक को दिखा कर बेचने वाले है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उरमौरा गोरारी रोड़ पर एक अदद ट्रक 12 चक्का को मय चालक तथा खलासी व भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब ( सेल इन अरुणाचंल प्रदेश) के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0–877ध2022 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि व धारा 60ध63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी का विवरण निम्नवत है। विवरण पूछताछ पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप को हरियाणा से बिहार में बेचने के लिए लाये थे। बिहार में शराब बंदी के कारण अच्छी कीमत पर इसे बेचते है। इससे पूर्व भी कई खेप अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणाध्पंजाब से बिहार ले जा चुका हूँ।



# लोटन पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर। अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक



सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व अखिलेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली लोटन देवनन्दन उपाध्याय के नेतृत्व में दिनांक 21.11.2022 को मु0अ0सं0 135ध22 धारा 363ध366ए आईपीसी से सम्बन्धित वान्छित अभियुक्त को समय करीब 06.45 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया। लोटन पुलीस ने अभियुक्त का घोघी पुल से पहले जगन्नाथ मंदिर को जाने वाले रास्ते पर 06.45 पे गिरफ्तार किया। अभियुक्त का नाम विश्वजीत मौर्या उर्फ मनीष मौर्य पुत्र विजेन्द्र मौर्या साकिन मुडिली थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम1. उ0नि0 राकेश कुमार थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर का0 अरुण कुमार पाण्डेय थाना को. लोटन जनपद सिद्धार्थनगर रहे।

# ग्राम समाधान दिवस पर बसौली पहुंच डीएम ने जानी हकीकत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने राबर्ट्सगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बसौली में सोमवार को आयोजित ग्राम समाधान दिवस का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान गांव के लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी। मौके पर उपस्थित आशा, एएनएम से महिलाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्रीप्त की और गर्भवती व शिशुओं को लगने वाले टीके आदि के रजिस्टर का निरीक्षण किया। गांव के नागरिकों ने बारी–बारी से अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा, जिसमें से ज्यादा मामला वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन सम्बन्धी मामला प्रकाश में आया। उक्त प्रकरणों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित ग्राम सचिव से स्थिति का जायजा लिया तो यह तथ्य सामने आया कि गांव में विधवा, वृद्धा, आवास हेतु पात्र लाभार्थी होते हुए भी उनका पात्रता सूची में नाम शामिल नहीं किया गया है। जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त कर, कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार से आवास व शौचालय के कार्य का सत्यापन ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा नहीं किए जाने पर ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की, तो ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत अधिकारी गांव में बहुत कम आते हैं। इतना ही नहीं ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण भी इनके द्वारा नहीं किया जाता है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए नाराजगी व्यक्त की और ग्राम पंचायत अधिकारी के वेतन भुगतान के रोक के साथ ही स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। इस दौरान उन्होंने परिसर में स्थापित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र के साफ–सफाई की व्यवस्था , बच्चों के खेल–कूद की सामग्री पर्याप्त मात्रा में नहीं पायी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के खेल–कूद के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी ने बसौली गांव में ग्रामीणों द्वारा अधिक समस्याओं के निराकरण हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किये कि वह गांव का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इस दौरान किसान सम्मान निधि के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के क्रम में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित लेखपाल को आवश्यक कार्यवाही कर, दिलाने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, डीएम स्टेनो राम आधार, डीपीसी अनिल केसरी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित नागरिकगण उपस्थित रहें।



# पुलिस ने किया शाहगंज में पैदल गश्त

## पुलिस द्वारा कस्बा शाहगंज में तथा जनपदीय पुलिस के समस्त थानाध्चौकी पुलिस द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में किया गया पैदल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह के नेतृत्व में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा कस्बा शाहगंज में पैदल गश्त किया गया। इस दौरान तिराहों, भीड़–भाड़ वाली जगहों पर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों तथा वस्तुओं आदि की गहनता से चेकिंग की गयी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनसे शान्ति एवं आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी व सड़क किनारे अस्थाई अवैध अतिक्रमण तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार जनपदीय पुलिस के समस्त थानाध्चौकी पुलिस द्वारा भी अपने–अपने क्षेत्रों में मयफोर्स पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग की गयी।



# फर्जी सिपाही भेजा गया जेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली बाराबंकी । 10 वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिये नौकरी हासिल करने करने वाले आरक्षी के विरुद्ध थाना मसौली में धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरक्षी को जेल भेज दिया गया है। जनसुनवाई पोर्टल पर की गयी शिकायत में यह मामला सामने आया है जनपद संतकबीरनगर के थाना खलीलाबाद के मगहर निवासी सुशील कुमार पुत्र शिवपूजन ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर आरक्षी पद हासिल किया था वर्तमान समय में आरक्षी दसवीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी में तैनात है। थाना मसौली में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




# दिव्यांग बच्चों को लेकर कार्यशाला का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय कार्यशाला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय के निर्देशानुसार आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता एकता सिंह मुख्य विकास अथिकारी बाराबंकी द्वारा की गई ।इस अवसर पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल ने समर्थ ऐप एवं समेकित शिक्षा के अन्तर्गत समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । विशिष्ट अथिति के रूप में उपस्थित हिफजुर्रहमान प्राचार्य जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान बाराबंकी द्वारा ने उपस्थित सभी लोगों को समर्थ ऐप पर दिव्यांग बच्चों के लिए समस्त कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर जिला दिव्यांग जन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी,समस्त ए.आर.पी.,समस्त स्पेशल एजूकेटर, प्रत्येक विकास खंड से एक–एक नोडल टीचर समर्थ ऐप, एवं दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



# सच उजागर करने पर पत्रकार को मिली धमकी

## थाना मसौली में पत्रकार ने लगाई सुरक्षा की गुहार




दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। सच उजागर करने पर एक पत्रकार को ग्राम प्रधान द्वारा धमकी दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार विशाल गुप्ता ने ग्राम करपिया में बने गौ आश्रम की खबर कवरेज की थी। गौ आश्रम में कवरेज के दौरान पत्रकार के कैमरे ने तमाम खामियों को कैद कर लिया।जिसे पत्रकार ने तमाम ग्रुप में प्रमुखता से चला दिया। खबर देखकर ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा ने फोन के द्वारा पत्रकार के साथ गाली गलौज करते हुए देख लेने की धमकी दी। जिसे पत्रकार ने रिकॉर्ड कर लिया। धमकी दिए जाने की सूचना से पत्रकार परिवार में काफी रोष है। किसी भी पत्रकार को सच दिखाने के एवज में इस तरह की धमकी दिए जाने की पत्रकारों ने घोर निंदा की है। इस बाबत विशाल गुप्ता ने कल थाना मसौली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

**बुद्ध का संदेश**

**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
**स्व. के.सी. शर्मा**

सम्पादक
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सेहत, त्वचा और बालों के लिए लाभदायक है प्याज का रस, जानिए इसके 5 प्रमुख फायदे



कई व्यंजनों में प्याज का इस्तेमाल किया जाता है। यह स्वाद के साथ–साथ स्वास्थ्यवर्धक भी होता है। इसी तरह प्याज के रस का सेवन करने से भी कई तरह के फायदे मिलते हैं। प्याज के रस का इस्तेमाल सेहत के साथ बालों और त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक माना जाता है। आइए आज हम आपको प्याज के रस के इस्तेमाल से मिलने वाले पांच प्रमुख फायदों के बारे में बताते हैं।

बालों की दशा सुधारने में है सहायक

प्याज का रस बालों का विकास करने में बहुत मदद कर सकता है। कई अध्ययनों के मुताबिक, प्याज के रस में कई ऐसे गुणों से भरपूर होते हैं, जो बालों को कई तरह की समस्याओं से राहत दिलाकर पोषित करने में मदद कर सकते हैं। प्याज के रस में एंटी–माइक्रोबियल प्रोपर्टीज भी मौजूद होती हैं, जो बालों से डैंड्रफ को दूर करने के साथ–साथ इन्हें चमकदार बनाने में मदद कर सकती हैं।

कैंसर के जोखिम को कम करने में मददगार

प्याज के रस में एंटी–कैंसर प्रभाव मौजूद होता है और यह कैंसर सेल्स को पनपने से रोकने मदद कर सकता है। इसी तरह इसमें मौजूद क्लोरोफिल नामक खास तत्व शरीर को हेट्रोसायक्लिक एमाइन नामक यौगिक को अवशोषित करने से रोकने में मदद कर सकता है। बता दें कि हेट्रोसायक्लिक कैंसर से जुड़ा रसायन हैं, जो शरीर को इस गंभीर बीमारी का घर बना सकता है।

मधुमेह रोगियों के लिए भी है लाभदायक

अगर आपको मधुमेह की शिकायत है तो आपके लिए अपनी डाइट में प्याज के रस को शामिल करना लाभदायक हो सकता है। इसका कारण है कि प्याज का रस प्रभावी तरीके से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, क्योंकि इसमें एंटी–डायबिटीक प्रभाव मौजूद होता है। हालांकि, मधुमेह रोगी अपनी डाइट में प्याज के रस को शामिल करने से पहले डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकता है बढ़ावा

प्याज के रस में सेलेनियम मौजूद होता है। यह पोषक तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसके लिए अस्थमा और अन्य श्वसन संबंधित बीमारियों के जोखिम कम करने में भी प्याज के रस का सेवन मदद कर सकता है। प्याज के रस में मौजूद क्वेरसेटिन शरीर की सूजन और अन्य एलर्जी को कम करने में भी सहायक हो सकता है।

मुंहासें और झुर्रियों का कर सकता है सफाया

प्याज के रस में एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–फंगल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंहासों को कम करने के साथ ही इनके निशान से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए प्याज के रस को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 से 15 मिनट के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इसके अतिरिक्त प्याज के रस में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स और अन्य एंटी–ऑक्सीडेंट यौगिक समय से पहले बढ़ती उम्र के प्रभाव को दूर करने में भी सहायक है।

## पिंक बॉडीकॉन ड्रेस में डोनल बिष्ट ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

एक्ट्रेस डोनल बिष्ट पिंक बॉडीकॉन ड्रेस में अप्सरा सी नजर आ रही हैं। उनकी अदाओं को देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस सोशल




मीडिया पर आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट पिंक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट की खूबसूरती काबिल ए तारीफ है। फैंस उनकी ये तस्वीरें देखकर बेताब हो रहे हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट ने कई सीरियल्स में काम किया है। एक दीवाना था सीरियल से लोगों के दिलों पर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती से लोगों को अपना दीवाना बना रहा है। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट एमएक्स प्लेयर की सीरीज तू जख्म हैमें नजर आ चुकी हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस डोनल बिष्ट बिग बॉस 15 में नजर आईं थी। हालांकि, वो शो में ज्यादा नहीं टिक सकीं। डोनल बिष्ट शायनी मेकअप में गजब की बला नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने वेबी हेयर कैरी कर रखा है। डोनल बिष्ट सोशल मीडिया लवर हैं। वो अपनी तस्वीरों से फैंस के ऊपर बिजलियां गिराने से बिल्कुल नहीं चूकती हैं। फोटोज में डोनल का सिजलिंग लुक देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। डोनल बिष्ट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं।






# इब्राहिम खान को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे करण जौहर



सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान पिछले काफी समय से बॉलीवुड में एंट्री करने को लेकर सुर्खियों में हैं। पर्दे के पीछे वह काफी समय से सक्रिय हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इब्राहिम के चाहनेवाले खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, इब्राहिम की पहली फिल्म से जुड़ीं जानकारियां सामने आई हैं। खास बात यह है कि करण जौहर ही उन्हें बॉलीवुड के दर्शन कराने वाले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करण अब इब्राहिम को बॉलीवुड में लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी पहली फिल्म अगले साल पर्दे पर आ सकती है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी बोमन ईरानी के बेटे कायोज को सौंपी गई है। फिल्म की कहानी सुरक्षा बल पर आधारित होगी। करण फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि यह बड़े बजट की फिल्म होगी और इसमें इब्राहिम का किरदार खास होगा।

करण के साथ रहकर ही इब्राहिम ने फिल्ममेकिंग की बारीकियां सीखीं। वह उनकी आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सहायक निर्देशक रह चुके हैं। सैफ ने इस पर अपनी मुहर लगाते हुए कहा था कि इब्राहिम ने बतौर सहायक निर्देशक अपने करियर की शुरुआत की, क्योंकि वह पहले यह देखना चाहते हैं कि पर्दे के पीछे काम कैसे होता है। फिल्मेकिंग सीखने के बाद वह बतौर हीरो बॉलीवुड में एंट्री करेंगे।

इब्राहिम बॉलीवुड में आने से पहले ही लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। वह सोशल प्लेटफॉर्म पर काफी सक्रिय रहते हैं और उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। इब्राहिम बॉलीवुड के लोकप्रिय स्टार किड हैं। उनके लुक और फैशन सेंस को काफी पसंद किया जाता है। स्टाइल के मामले में वह अपने पिता को भी मात देते हैं। इब्राहिम मैगजीन के लिए फोटोशूट भी करा चुके हैं। करण को फिल्म इंडस्ट्री में स्टारकिड्स को लॉन्च करने के लिए जाना जाता है। वह फिल्म बेधड़क के जरिए संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर को बॉलीवुड में लॉन्च कर रहे हैं। उन्होंने आलिया भट्ट को स्टूडेंट ऑफ द ईयर और अनन्या पांडे को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में लॉन्च किया। वरुण धवन को बॉलीवुड में लाने वाले भी करण ही हैं, वहीं जाह्नवी कपूर ने करण की फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी। सैफ और अमृता सिंह के दो बच्चे इब्राहिम और सारा अली खान हैं। शादी के 13 साल बाद सैफ–अमृता अलग हो गए। हालांकि, सारा–इब्राहिम की सैफ के साथ भी काफी अच्छी बॉन्डिंग है। सारा ने 2018 में फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में दस्तक दी थी।

## शोभिता धुलिपाला ने मेड इन हेवन सीजन 2 का प्रमुख स्पॉइलर दिया

स्ट्रीमिंग शो मेड इन हेवन से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री




सोभिता धूलिपाला शो के आगामी दूसरे सीजन के स्पॉइलर से अपने प्रशंसकों को चिढ़ाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में मुंबई में एक पुरस्कार समारोह में भाग लिया, जिसके लिए उन्होंने एक गोथ, एक मखमली गाउन, दस्ताने और एक टोपी पहनी थी। अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में, अभिनेत्री ने मेड इन हेवन के सह–कलाकार जिम सर्भ के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की। छवि में, शोभिता ने सरभ की गर्दन पर अपना हाथ रखा है और इसने सभी को यह अनुमान लगाने पर मजबूर कर दिया है कि क्या वह अभिनेत्री हैं। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, मिह (मेड इन हेवन) एसएनजेड(सीजन) 2 स्पॉइलर लोल आइकिक (यदि आप जानते हैं, तो आप जानते हैं)। यह तस्वीर इस सीजन की सीरीज में शोभिता के चरित्र तारा और जिम के आदिल खन्ना के बीच घर्षण की ओर इशारा करती है। एक सफल पहले सीजन के बाद, मेड इन हेवन 2 भव्य भारतीय शादियों की पृष्ठभूमि के खिलाफ सेट किया गया, कथित तौर पर इस सीजन में अंतर्राष्ट्रीय समुद्र में चार्टर्ड है। अभिनेत्री मेजर और पोन्नियिन सेल्वन जैसी सफल परियोजनाओं का हिस्सा रही हैं। वह अगली बार मेड इन हेवन सीजन 2 और नाइट मैनेजर में आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर के साथ दिखाई देंगी।

# पोषक तत्वों से भरपूर फल है अमरा, सेवन से मिलेंगे ये स्वास्थ्य संबंधी लाभ



अमरा एक स्वास्थ्यवर्धक फल है, जो कई लोगों के लिए अनजाने फलों की सूची में शुमार होगा। अगर ऐसा है तो बता दें कि यह भारत में उगाया जाता है। इसे वैज्ञानिक रूप से स्पोंडियास डल्सिस के नाम से जाना जाता है। यह जब कच्चा होता है तो इसका रंग हरा और स्वाद खट्टा होता है, जबकि पकने पर इसका रंग पीला और स्वाद मीठा हो जाता है। आइए आज इसके फायदों के बारे में जानते हैं। पाचन के लिए है लाभदायकः अमरा में पानी और फाइबर की अच्छी मात्रा मौजूद होती है। ये दोनों ही तत्व पाचन के लिए लाभदायक माने जाते हैं। इस फल का रोजाना सेवन शरीर को हाइड्रेट रखने समेत आंतों को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह फल कई तरह की पाचन संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इस फल का गूदा अपच से पीडिघ्त लोगों के लिए अच्छा माना जाता है।

हृदय की कार्यप्रणाली में कर सकता है सुधार

अमरा में कई एंटी–ऑक्सिडेंट्स मौजूद होते हैं, जो हृदय की कार्यप्रणाली को सुधारने में काफी मदद कर सकते हैं। ये एंटी–ऑक्सिडेंट्स हाई ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकते हैं। यही कारण है कि इसे हाइपरटेंशन रोगियों के लिए लाभदायक माना जाता है। इसके अतिरिक्त यह फल खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। ऐसे यह फल हृदय रोग से सुरक्षित रख सकता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकता है मजबूती

अमरा विटामिन– सी से भरपूर होता है, जो एंटी–ऑक्सीडेंट की तरह काम करके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने में मदद कर सकता है। यह शरीर में व्हाइट ब्लड सेल्स के विकास को बढ़ावा दे सकता है, जो रोग और संक्रमण से लडने के लिए आवश्यक होते हैं। इसके अतिरिक्त विटामिन– सी ब्लड सर्कुलेशन में आयरन के अवशोषण में भी मदद कर सकता है, जिससे शरीर ऊर्जावान बना रहता है।

आंखों की रोशनी को तेज करने में है सहायक

अगर आप प्राकृतिक रूप से अपनी आंखों की रोशनी को तेज करना चाहते हैं तो आपके लिए अपनी डाइट में अमरा को शामिल करना लाभदायक हो सकता है। यह फल विटामिन– ए से भरपूर होता है, जो आंखों की रोशनी को बढ़ाने वाला एक मुख्य पोषक तत्व माना जाता है। इसके अलावा यह उम्र से संबंधित आंखों की बीमारियों के जोखिम कम करने में भी सहायक हो सकता है।

त्वचा संक्रमण के जोखिम कर सकता है कमः अमरा एंटी–बैक्टीरियल प्रोपर्टीज से भरपूर होता है, इसलिए इसे त्वचा संक्रमण के लिए लाभदायक माना जाता है। यह फल त्वचा से जुड़ी समस्याओं जैसे मुंहासे, रूखापन और छाले से निपटने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह सोरायसिस जैसी स्थितियों के इलाज में भी काफी मदद कर सकता है। यह फल उम्र बढने के लक्षणों को ध ीमा करने के लिए भी जाना जाता है।